* वर्ष 40 * अंक 67 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर गुरुवार दिनांक 5 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# सफाई कर्मचारियों की भर्ती फिर रद्द, तीसरी बार कैंसिल हुई

## 23,820 पदों पर होनी थी भर्ती, 7 को लॉटरी निकलने वाली थी

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान के लाखों युवाओं का इंतजार और बढ़ गया है। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से 23 हजार 820 पदों पर निकाली गई सफाई कर्मचारियों की भर्ती को रद्द कर दिया। बुधवार को स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक कुमार पाल गौतम ने इसके ऑर्डर जारी किए। ये तीसरी बार मौका है, जब सफाईकर्मियों की भर्ती अटकी है। दरअसल, राजस्थान सरकार की ओर से प्रदेश भर में सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकाली गई थी। इसके आवेदन की अंतिम तारीख 27 नवंबर थी। इसके बाद 5 दिसंबर तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपने डॉक्युमेंट में संशोधन कर सकते थे। इससे एक दिन पहले ही सरकार ने भर्ती को रद्द कर दिया।

**प्रदेशभर में शुरू हुआ था विरोध :** भर्ती प्रक्रिया को लेकर भी प्रदेश भर में सफाई कर्मचारियों ने विरोध शुरू कर दिया था। इसके बाद जहां जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज की भर्ती को सरकार ने स्थगित कर प्रदेश के अन्य निकायों में 7 दिसंबर के दिन लॉटरी निकालने



का फैसला किया था।

**किस निकाय में कितने पदों पर होनी थी भर्ती :** सरकार की ओर से भर्ती के तहत जयपुर ग्रेटर नगर निगम में सबसे अधिक 3370 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती होनी थी। इसके अलावा जयपुर हेरिटेज में 707, सीकर में 550, जोधपुर दक्षिण में 417, जोधपुर उत्तर में 345, अलवर में 390, भरतपुर में 410, अजमेर में 470, उदयपुर में 407, बीकानेर में 1037, कोटा दक्षिण में 836, कोटा उत्तर में 448 सहित कुल 185 नगरीय निकायों के 23 हजार 820 रिक्त पदों पर भर्ती होनी थी।



राजस्थान सरकार की नवीन नीतियों का अनावरण

# उद्योगों के लिए 9 नीतियां जारी

## सीएम बोले- इंवेस्टमेंट समिट के लिए 2 साल पहले तय करना होता है, मैंने अधिकारियों से कहा-इसी साल करेंगे

**जयपुर (पुकार)।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पहले राजस्थान सरकार ने उद्योग और उद्यमियों के लिए 9 नीतियां जारी कर दी हैं। इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि जब हमने इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित करने के बारे में सोचा तो मैंने अधिकारियों से पूछा कि आपने पहले भी समिट करवाई हैं।

समिट आयोजित करने के लिए क्या तैयारी होनी चाहिए तो अधिकारियों से मुझसे कहा कि समिट को आयोजित करना दो साल पहले तय हो जाता हैं। मैंने अधिकारियों से कहा कि अगली बार दो साल पहले निर्धारित कर लेंगे। लेकिन इस बार तो इसी साल समिट का आयोजन होगा।

सीएम भजनलाल ने कहा कि मैं अपने मंत्रिमंडल के साथियों और तमाम अधिकारियों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मन से इस काम गति देने का काम किया। सीएम भजनलाल ने आज सीएमओ के कन्वेंशन सेंटर में 9 नीतियों के अनावरण के मौके पर यह बात कही।

**सरकार ने ये 9 नीतियां जारी की**

- एमएसएमई नीति -2024
- निर्यात संवर्द्धन नीति-2024
- एक जिला-एक उत्पाद (ODOP) नीति
- पर्यटन इकाई नीति-2024
- एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024
- खनिज नीति-2024
- एम-सेंड नीति -2024
- क्लस्टर विकास योजना
- AVGC & X नीति-2024

**2027 तक दिन में बिजली देंगे**

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम अलग-अलग सेक्टर को लेकर नई नीतियां लाए हैं। नीतियां बनाने से पहले हमने सभी लोगों से सुझाव भी मांगे थे। कई लोगों ने अपनी समस्याओं को ही सुझाव समझ कर भेज दिया। लेकिन कई लोगों ने वास्तविक रूप से अच्छे सुझाव दिए।

इसके बाद हमने अलग-अलग सेक्टर के लिए नीतियां जारी की हैं। उन्होंने कहा कि हम एक जिला एक उत्पाद की नीति लेकर आए हैं। जिससे हर जिला आगे बढ़ सके। इसी तरह से हम प्रदेश के सूक्ष्म और लघु उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए नई एमएसएमई नीति लेकर आए है। सीएम ने कहा कि हमने आमजन और किसानों से वादा किया है कि हम 2027 तक दिन में बिजली देंगे। इस दिशा में भी हम आगे बढ़ रहे हैं।

**पीएम करेंगे समिट का उद्घाटन**

प्रदेश सरकार 9,10 और 11 दिसम्बर को जयपुर में राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेट समिट आयोजित करने जा रही हैं। इस समिट का उद्घाटन 9 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। समिट जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर ऐग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगी।



# इसरो को मिनट भर पहले टालना पड़ा प्रोबा-3 मिशन

## दो उपग्रहों को एक साथ भरनी थी उड़ान

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंथान संगठन (इसरो) को आज प्रोबा-3 पीएसएलवी 59 अंतरिक्ष यान की लॉन्चिंग करनी थी, लेकिन लॉन्चिंग से कुछ मिनट पहले प्रक्षेपण कल तक के लिए टालना पड़ा। मामले में इसरो के अधिकारियों ने जानकारी दी कि यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 यान में कुछ गड़बड़ होने के कारण प्रक्षेपण नहीं हो पाया। हालांकि दोनों एजेंसियों ने यह नहीं बताया कि यान में किस तरह की गड़बड़ आई है। दोनों प्रक्षेपण का समय शाम चार बजकर 8 मिनट पर निर्धारित था। आज प्रोबा-3 में तकनीकी खामी के कारण इसरो को पीएसएलवी-सी59 प्रोबा-3 यान के प्रक्षेपण को गुरुवार तक के लिए रिशेड्यूल करना पड़ा। एजेंसी ने इसकी लॉन्चिंग बुधवार को निर्धारित की थी। प्रक्षेपण से कुछ मिनट पहले लॉन्चिंग को टालना पड़ा। बुधवार को स्पेसपोर्ट से शाम 4.08 बजे प्रक्षेपण की योजना बनाई गई थी।

# लाखों बच्चों को सप्ताह में 3 दिन दूध मिलेगा

## स्कूलों के बाद अब आंगनबाड़ी में सरकार जल्द शुरू करेगी अमृत आहार योजना

**जयपुर (पुकार)।** सरकारी स्कूलों के बाद अब आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को भी सरकार दूध पिलाएगी। इसे लेकर भजनलाल सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना शुरू करने जा रही है। योजना के तहत सप्ताह में 3 दिन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को दूध उपलब्ध करवाया जाएगा। राज्य में करीब 60 हजार आंगनबाड़ी केंद्र हैं। सरकार 15 दिसंबर को अपनी पहली वर्षगांठ पर इस योजना को लागू कर सकती है। इस योजना पर सरकार 200 करोड़ खर्च करेगी। दरअसल प्रदेश में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्री-प्राइमरी तक के बच्चों को पढ़ाया जाता है।



आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में इस योजना की तैयारियों का भी जायजा लिया। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी और राज्यमंत्री मंजू बाघमार के साथ विभाग से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंन्द्रों में सीसीटीवी लगाने के भी निर्देश दिए।

**लाडो प्रोत्साहन योजना से मिल रहा संबल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिकाओं को समुचित शिक्षा और संबल प्रदान करने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना अहम है।हमारी सरकार बेटी के जन्म से लेकर स्नातक शिक्षा पूरी करने तक एक लाख रूपये की राशि दे रही है। वहीं जल्द ही सरकार प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के अन्तर्गत एक साथ लगभग 70 हजार लाभार्थियों को बढ़ी हुई 1500 रूपए की अतिरिक्त राशि देने जा रही है।

# फडणवीस महाराष्ट्र के अगले सीएम : शिंदे डिप्टी सीएम बनने को तैयार, लेकिन गृह मंत्रालय पर अभी भी अड़े

**मुंबई (एजेंसी)।** देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। फडणवीस ने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, हृष्टक्कलीडर अजित पवार के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान भाजपा के पर्यवेक्षक विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण भी मौजूद थे। इसके बाद फडणवीस, शिंदे और पवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। फडणवीस और शिंदे दोनों ने कहा कि कितने और कौन-कौन मंत्री शपथ लेंगे, इसकी जानकारी दे दी जाएगी। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम कल 5-30 बजे आजाद मैदान में होगा। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में यह कार्यक्रम होगा। महायुति की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद देवेंद्र फडणवीस सीएम हाउस पहुंचे। यहां उनकी एकनाथ शिंदे के साथ 45 मिनट मीटिंग हुई। सूत्रों ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम बनने तो



तैयार हो गए हैं, लेकिन अभी भी वह गृह मंत्रालय के लिए अड़े हैं।

**अजित की बात पर हंस पड़े सभी नेता**

मीडिया ने सवाल पूछा कि शिंदे और पवार डिप्टी सीएम की शपथ लेंगे। इस पर अजित पवार ने कहा- कोई ले रहा है, या नहीं, ये अलग बात है। इन लोगों का शाम तक तय होगा पर मैं तो कल शपथ ले रहा हूं यह तय है। इस पर शिंदे ने कहा कि अजित दादा को दिन में और शाम को शपथ लेने का अनुभव है।

**फडणवीस बोले- हम तीनों एक**

देवेंद्र फडणवीस ने कहा- हम तीनों नेता एक हैं। डिप्टी सीएम और सीएम सिर्फ तकनीकी पद हैं। मैंने एकनाथ जी से सरकार में शामिल होने और डिप्टी सीएम बनने का अनुरोध किया था।

**शिंदे बोले- इस बार मैं फडणवीस का नाम ले रहा हूं**

एकनाथ शिंदे ने कहा- मुझे क्या मिल रहा है, यह सवाल ही नहीं था। हमारे मन में सिर्फ यह भावना थी कि महाराष्ट्र को क्या मिला। इसी पर हमने काम किया। महायुति में कोई ऊंच-नीच नहीं है। सब ठीक है। पिछली बार देवेंद्र फडणवीसजी ने मेरे नाम की सिफारिश की थी। इस बार मैं उनका नाम मुख्यमंत्री के तौर पर ले रहा हूं।

**मंत्रिमंडल पर चर्चा हुई**

इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक में देवेंद्र फडणवीस को नेता चुना गया। इसके बाद फडणवीस मुख्यमंत्री आवास वर्षा पहुंचे, यहां शिंदे और पवार के साथ बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक यहां मंत्रियों के नामों पर चर्चा हुई।

# असम में गोमांस पर बैन : सार्वजनिक कार्यक्रम, रेस्टोरेंट और होटल में परोसा नहीं जाएगा

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम सरकार ने गोमांस (बीफ) पर बैन लगा दिया है। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। सीएम ने बताया कि यह फैसला मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। अब राज्य के होटलों, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस नहीं परोसा जा सकेगा। इसकी घोषणा करते हुए जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा- कांग्रेस इस फैसले का स्वागत करे या पाकिस्तान जाए। दरअसल, सामगुरी सीट पर उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान हुआ था। 23 नवंबर को रिजल्ट आने के बाद कांग्रेस की हार पर सांसद रकीबुल हुसैन ने भाजपा पर बीफ बांटने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को बीजेपी की बैठक के बाद मीडिया से कहा- वे राज्य में गोमांस पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं, बशर्ते कांग्रेस इसे लिखित में दें।



**सरमा ने पूछा था- क्या गोमांस देकर सामगुरी सीट जीती जा सकती है**

सरमा ने कहा था, मैं जानना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस मतदाताओं को गोमांस देकर सामगुरी जीत रही थी। वह सामगुरी को अच्छी तरह से जानते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि गोमांस देकर सामगुरी जीती जा सकती है। इस साल धुबरी लोकसभा सीट से 10.12 लाख से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से जीतकर हुसैन सांसद बने है। इससे पहले वे लगातार पांच बार सामगुरी से विधायक रहे थे। सरमा ने कहा, मैं रकीबुल हुसैन से कहना चाहता हूं कि गोमांस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद कहा है कि ये गलत है। उन्हें मुझे केवल लिखित में देने की जरूरत है। भाजपा और कांग्रेस को गोमांस के बारे में नहीं बोलना चाहिए। बीजेपी, एजीपी, सीपीएफ कोई भी ऑफर नहीं कर पाएगा और हिंदू, मुस्लिम और ईसाई सभी को गोमांस खाना बंद कर देना चाहिए।

# अजमेर दरगाह की सुरक्षा के लिये एटीएस के कमांडो लगाये



**अजमेर (पुकार)।** राजस्थान में अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स पर दरगाह शरीफ और आसपास की सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखने के उद्देश्य से अजमेर दरगाह थाना पुलिस की मौजूदगी में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के कमांडो दल ने दरगाह का बारीकी से निरीक्षण करके सुरक्षा इंतजामों को देखा और सुरक्षा उपायों पर मंथन किया । ख्वाजा साहब के सालाना उर्स का झंडा 28 दिसम्बर को चढ़ेगा और रजब का चांद दिखाई देने पर 31 दिसम्बर अथवा एक जनवरी 2025 से विधिवत उर्स की शुरूआत होगी। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां काफी सतर्क हैं। दरगाह थाना पुलिस के साथ एटीएस कमांडो दल ने दरगाह के सभी प्रवेशद्वार और परिसर के भीतरी हिस्सों का निरीक्षण किया एवं सम्भावित किसी भी आपात स्थिति से निपटने की योजना पर मंथन करके सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। उन्होंने दरगाह से ढाई दिन के झोपड़े के मार्ग का भी अवलोकन किया। सुरक्षा दल ने दरगाह में लगे सीसीटीवी कैमरों के विषय में भी जानकारी जुटाई एवं चप्पे-चप्पे का बारीकी से निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि दरगाह में सालाना उर्स के सुरक्षा इन्तजाम के साथ दरगाह में मंदिर प्रकरण के चलते सुरक्षा एजेंसियां चौतरफा सतर्क हैं। साथ ही खुफिया एजेंसियां भी पल-पल की गतिविधियों पर निगरानी बनाये हुये हैं।

# स्वर्ण मंदिर के बाहर सेवा कर रहे सुखबीर बादल पर फायरिंग, बाल-बाल बचे, हमलावर खालिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

**अमृतसर (एजेंसी)।** अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में बुधवार को पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल पर खालिस्तानी आतंकी ने फायरिंग की। सुखबीर बादल स्वर्ण मंदिर के गेट पर सेवादार बनकर बैठे थे। डेरा सच्चा सौदा के मुखी राम रहीम को माफी देने को लेकर सिखों की सर्वोच्च अदालत अकाल तख्त ने उन्हें यह सजा दी है। वारदात के वक्त हमलावर ने जैसे ही उन पर गोली चलाई, उसी समय सिविल वर्दी में तैनात उनके सुरक्षाकर्मियों ने उसका हाथ पकड़कर ऊपर उठा दिया। जिससे गोली गोल्डन टेंपल की दीवार पर जा लगी। इससे सुखबीर बादल बाल-बाल बच गए। इसके बाद हमलावर ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। सुखबीर



बादल को तुरंत सुरक्षा घेरे में ले लिया गया।

**कट्टरपंथी संगठन से जुड़ा रहा है आरोपी :** सुखबीर पर हमला करने वाला आरोपी गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक का रहने वाला नारायण सिंह चौड़ा है। वह सिख संगठन दल खालसा का मेंबर है। वारदात के बाद पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर गोल्डन टेंपल पहुंचे। उन्होंने बताया कि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

**सुखबीर बादल पर कैसे हुआ हमला**

**गोल्डन टेंपल में माथा टेकने के बहाने आया**

सुखबीर बादल के गोल्डन टेंपल में होने की वजह से उनके सुरक्षाकर्मी अलर्ट थे। हमलावर नारायण सिंह चौड़ा दल खालसा का सदस्य है। उस पर 1984 में आतंकवाद के दौर में सक्रिय रहने और चंडीगढ़ बुड़ैल जेल ब्रेक जैसे आरोप रहे हैं। बुधवार को वह गोल्डन टेंपल में माथा टेकने के बहाने आया।

**सुरक्षाकर्मियों की पहले से नजर थी**

सुखबीर के सुरक्षाकर्मियों को भी इसकी भनक लग गई। उन्होंने चौड़ा पर नजर रखी। चौड़ा पहले वहां घूमता रहा। इसके बाद वह धीरे-धीरे गोल्डन टेंपल के गेट की तरफ बढ़ा, जहां सुखबीर बादल व्हीलचेयर पर बैठकर सेवादार की ड्यूटी कर रहे थे।

**चंद कदम की दूरी पर जैकेट से पिस्टल निकाल फायर किया**

जब उसकी सुखबीर बादल से दूरी चंद मीटर की रह गई तो उसने अपनी जैकेट से पिस्टल निकाली और सुखबीर पर निशाना साधकर फायरिंग करने लगा। सुखबीर के सुरक्षाकर्मी उस पर पहले से नजर रख रहे थे। उन्होंने उसका हाथ पकड़कर ऊपर उठा दिया। जिससे गोली गोल्डन टेंपल की दीवार पर लगी। इसके बाद पुलिस कॉन्स्टेबल रछपाल सिंह और परमिंदर सिंह ने आरोपी को पकड़ लिया।



# अमृतसर में पुलिस थाने के बाहर धमाका

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब के अमृतसर में मजीठा में थाने के अंदर बुधवार की देर 10.05 बजे धमाका हुआ। ब्लास्ट पुलिस स्टेशन के गेट के पास खुली जगह में हुआ। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। इसमें किसी तरह का नुकसान हुआ या नहीं, यह जानकारी अभी नहीं मिल पाई। घटना के बाद गेट बंद कर दिए गए हैं। पंजाब पुलिस की बॉर्डर रेंज के डीआईजी सतिंदर सिंह मौके पर पहुंच गए। उधर, अमृतसर रूरल पुलिस के एसएसपी चरणजीत सिंह ने कहा कि धमाके की आवाज आई है। पुलिस जांच कर रही है।

# जोधपुर में सेना के दो हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग : आसमान में 10 चक्कर काटने के बाद स्कूल के मैदान में उतरे, लोगों की लगी भीड़

**जोधपुर (पुकार)।** भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर चेतक की शेरगढ़ (जोधपुर) के पास इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। जैसे ही लोगों ने स्कूल के मैदान में हेलिकॉप्टर को देखा तो वहां भीड़ लग गई। मामला बुधवार दोपहर करीब 3 बजे का है। अभी भी दोनों हेलिकॉप्टर स्कूल के मैदान खड़े हैं। तकनीकी खामी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। डिफेंस पीआरओ अमिताभ शर्मा ने बताया कि अभी स्थिति कंट्रोल में है। शेरगढ़ एसएचओ सवाई सिंह ने बताया कि दो चेतक हेलिकॉप्टर ने प्रैक्टिस के लिए जोधपुर आर्मी बेस कैंप से उड़ान भरी थी। दोपहर करीब 2 बजकर 45 मिनट पर शेरगढ़ गांव के ऊपर ये हेलिकॉप्टर मंडराने लगे। आसमान में इन दोनों हेलिकॉप्टर ने 10 राउंड काटे।15 मिनट बाद



दोपहर 3 बजे दोनों हेलिकॉप्टर की शेरगढ़ के संस्कृत स्कूल के खेल मैदान में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। पायलट को तकनीकी खामी नजर आई थी, जिसके बाद दोनों हेलिकॉप्टर के पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग करवाई है। वहीं डिफेंस पीआरओ अमिताभ शर्मा ने बताया कि एहतियात के तौर पर लैंडिंग करवाई गई है। हमारी रेस्क्यू टीम पहुंच चुकी है। अभी स्थिति अंडर कंट्रोल है। सारी स्थिति सामान्य होने के बाद उड़ान भरी जाएगी।


**एक घंटे बाद दोबारा लौटा दूसरा हेलिकॉप्टर :** एक हेलिकॉप्टर की लैंडिंग होने के बाद पायलट ने तुरंत उड़ान भर दी। ये हेलिकॉप्टर 1 घंटे बाद शाम करीब 4 बजे दोबारा इसी मैदान में आया। बताया जा रहा है कि स्कूल मैदान में खड़े हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी थी। किसी पार्ट्स को लेकर दूसरे हेलिकॉप्टर का पायलट दोबारा यहां पहुंचा। हालांकि मौके पर मौजूद जवानों का कहना है कि यह प्रैक्टिस का हिस्सा है।

# राहुल-प्रियंका संभल नहीं जा सके, गाजीपुर बॉर्डर से लौटे

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 4 घंटे जाम से लोग परेशान, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीटा

**संभल (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी बुधवार को उत्तर प्रदेश के संभल नहीं जा सके। यहां उन्हें हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन से मिलना था। यूपी पुलिस ने उनके काफिले को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक लिया।

इससे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 4 घंटे तक 5 किमी लंबा जाम लगा रहा। हालांकि, राहुल-प्रियंका यहां 3 घंटे ही रुके थे। जाम की वजह से ट्रैफिक में फंसे लोग नाराज हो गए। उनकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प हुई। लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीट दिया। इससे पहले राहुल ने भी अफसरों से बातचीत की। कहा- मैं पुलिस की गाड़ी में अकेले जाने को तैयार हूं। लेकिन अफसर राजी नहीं हुए। राहुल हाथ में संविधान लेकर कार पर चढ़ गए। मीडिया को संबोधित किया। इसके बाद राहुल-प्रियंका दिल्ली लौट गए। उन्होंने कहा- अब 6 दिसंबर को संभल जाएंगे। संभल में कोर्ट के आदेश पर 24 नवंबर को जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था। इस दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गई थी।



**संभल हिंसा को लेकर सीबीआई जांच की मांग की याचिका खारिज :** संभल में जामा मस्जिद सर्वे मामले के दौरान 24 नवबंर को भड़की हिंसा, आगजनी और फायरिंग मामले की सीबीआई जांच की मांग खारिज हो गई। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जनहित याचिका खारिज कर दी। हिंसा में 5 लोगों की मौत हुई थी।

## संक्षिप्त खबरें...

### परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 आयोजित', 'छात्रों के साथ संस्था प्रधान व शिक्षकों ने भी भरी प्रश्नोत्तरी'



**निंबाहेड़ा ।** निंबाहेड़ा में यहां समीपवर्ती ग्राम पंचायत गादोला में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 एनसीईआरटी के तत्वावधान में जिले के चयनित सरकारी व निजी विद्यालयों में बुधवार को आयोजित हुआ। इसी क्रम में निम्बाहेड़ा ब्लॉक से गादोला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का चयन हुआ, जहां कक्षा 9 के तीस विद्यार्थियों हेतु यह परीक्षा आयोजित की गई।संस्था प्रधान वीणा शर्मा ने बताया कि इस परख सर्वेक्षण में छात्र-छात्राओं के साथ ही संस्था प्रधान वीणा शर्मा, कक्षाध्यापक पूनमबाई यादव, विषयाध्यापक नरेन्द्र जेतवाल, दशरथ कुमार रेगर,केसर खां पठान, मंजू बाला कुमावत, रामेश्वर दत्त शर्मा आदि ने भी भाग लेकर प्रश्नोत्तरी को भरते हुए परख को सफल बनाया। परख सर्वेक्षण हेतु ऑब्जर्वर उज्जवल छाजेड़,फिल्ड इंवेस्टीगेटर मैना पूर्बिया,परीक्षा प्रभारी मुन्ना लाल सुथार,वीक्षक प्रहलाद नारायण जोनवाल, पर्यवेक्षक मोहम्मद युनूस शेख आदि नियुक्त किए गये। प्रधानाचार्य एवं पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी वीणा शर्मा के अनुसार इस परख के परिणामों के आधार पर राष्ट्र , राज्य व जिला स्तर पर विद्यार्थियों के सीखने के प्रतिफल, नीति निर्माण और सिखाने की प्रक्रियाओं का निर्धारण किया जाता है।

### विशाल हिन्दू सेना संगठन ने किया अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अत्याचार का विरोध - सौंपा ज्ञापन

**चित्तौड़गढ़।** बांग्लादेश में निवासरत अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय पर हो रहे भारी अत्याचार, लूटपाट, मारपीट एवं दुष्कर्म की घटनाओं पर विशाल हिन्दू सेना संगठन जिला इकाई चित्तौड़गढ़ ने रोष व्यक्त करते हुए बांग्लादेश पर दबाव बनाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष किशनलाल ओढ़ व उपाध्यक्ष भूपेश शर्मा ने बताया कि संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सर्व हिन्दू समाज द्वारा आयोजित रैली व धरना प्रदर्शन में भाग लेकर अपना रोष जताया और ऐसी घटनाओं को अलोकतांत्रिक एवं मानव विरोधी बताया। उन्होंने इन घटनाओं की तुरन्त प्रभावी रूप से रोकथाम के लिए भारत सरकार से बांग्लादेश पर दबाव बना कर आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

### बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार की भर्त्सना



**चित्तौड़गढ़।** भारत के पड़ौसी देश बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय पर हो रहे भारी अत्याचार लूटपाट मारपीट एवं दुष्कर्म की घटनाओं की शिवसेना की चित्तौड़गढ़ जिला इकाई ने कड़ी भर्त्सना करते हुए तीव्र रोष व्यक्त किया। शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल वेद, प्रवक्ता कैलाश सोनी, महेश रावत, दुर्गेश ओड़, किशन ओड़, शंभू गायरी, शिवलाल माली, भेरूलाल शर्मा, गेपाल ओड़, मनीष लोठ, कमल ओड़, रतन रेगर, प्रकाश वैष्णव आदि ने इन घटनाओं को अलोकतांत्रिक एवं मानव विरोधी बताया। उन्होंने इन घटनाओं की तुरन्त प्रभावी रूप से रोकथाम के लिए भारत सरकार से बांग्लादेश पर दबाव बना कर आवश्यक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने इन घटनाओं को अत्यन्त ही दुर्भाग्यपूर्ण बताया साथ ही शिवसेना ने भारत में रह रहे अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपेठियों का तुरन्त भारत से खदेड़ कर शांति व्यवस्था बनाये रखने की मांग की। शिवसैनिकों ने बांग्लादेशी घुसपेठियों को शांति व्यवस्था के लिए खतरा बताया।

### सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल को लेकर मुख्य सचिव ने ली वीसी के माध्यम से बैठक




**चित्तौड़गढ़ ।** वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने पर 12 से 15 दिसंबर तक विभिन्न जिला स्तरीय कार्यक्रम होंगे। 17 दिसंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जयपुर दौरे का सीधा प्रसारण भी होगा। प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आज सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और कार्यक्रम को आयोजित करने के संबंध में विस्तार से निर्देश दिए । डीओआईटी के वीसी कक्ष में जिला कलक्टर आलोक रंजन ने अधिकारियों की बैठक ली एवं आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभाव गौतम, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, अतिरिक्त जिला कलक्टर भूमि अवाप्ति रामचंद्र खटीक सहित जिला स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे ।राज्य सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने पर 12 दिसंबर को राज्य और जिला स्तर पर रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन होगा। इसके अलावा युवा सम्मेलन, रोजगार उत्सव, पंच गौरव शुभारंभ, जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी आदि कार्यक्रम होंगे। 13 दिसम्बर को राज्य एवं जिला स्तर पर किसान सम्मेलन एवं जिला विकास पुस्तिका का विमोचन होंगे। 14 दिसम्बर को अन्त्योदय सेवा शिविर व महिला सम्मेलन का आयोजन होगा। इसी तरह 15 दिसंबर को राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी और राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में आयोजित होगा।

### सांखली में स्टेट हाईवे पर पुलिया निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन



**पहुँना ।** केंद्रीय सड़क निधि के तहत स्वीकृत कपासन-कारोई स्टेट हाईवे विस्तार के लिए बुधवार को सांखली बनास नदी पर पुलिया निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर के आतिथ्य में हुआ। भाजपा मंडल महामंत्री नकुल पारीक ने बताया कि इस अवसर पर पंडित भेरूलाल शर्मा ने विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण से पुजन करवाया। विधायक जीनगर,पहुंना भाजपा मंडल अध्यक्ष रतनलाल अहीर ने भूमि पूजन किया। विधायक जीनगर ने जेसीबी मशीन चलाकर बनास नदी पर हाई लेवल ब्रिज निर्माण के लिए नींव खुदाई की शुरुआत की। इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता भैरूलाल जाट,कमलनयन तोतला,रतन जीनगर,सरपंच नारायण लाल अहीर,गोटू अहीर,गोपाल अहीर,राशमी सरपंच बंशी लाल रेगर,भेरुलाल गुर्जर,युवा मोर्चा मंडल महामंत्री चतुर अहीर,हरिओम सोनी,भंवर लाल शर्मा,एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र रेगर भी उपस्थित रहें।

# सर्व हिन्दु समाज ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन





**आमेट ।** सर्व हिन्दु समाज द्वारा बाग्लादेश मे हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार एवं चिन्मय कृष्ण दास के रिहाई ही मांग को लेकर राष्ट्रपति ने नाम एसडीएम को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन मे बताया की बांग्लादेश प्रशासन द्वारा वहां के इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी तथा वहाँ अल्पसंख्यक समुदाय पर विशेष रूप से हिन्दू समुदाय पर अनवरत एवं अमर्यादित अत्याचार वहां के प्रशासन की कायरतापूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना है। हम वहाँ के प्रशासन की इस कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना का पुरजोर विरोध करते हैं। इस्कॉन ने या अन्य हिन्दू समाज के संगठनों ने अभी तक अपने उत्पीड़न के विरोध में जितनी भी कार्यवाहियां की है। समस्त लोकतांत्रिक तरीके से उन्होंने प्रदर्शन किया है। किसी भी प्रकार की हिंसा का उन्होंने प्रतिहिंसा के रूप में अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है। इस प्रकार के पूर्ण शान्तिप्रिय और तोकतांत्रिक रूप से अपनी बात रखने वाले समाज के किसी नेतृत्व को, जो एक वर्ग का भी नेतृत्व करते हैं।इस प्रकार से अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बन्द करना उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक है,अमानवीय है और हिन्दू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है । उसमें वामपंथी, इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे है। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने, वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिन्ता व्यक्त करनी चाहिए थी। जैसी रोक लगानी चाहिए थी।, ऐसी रोक नहीं लगाई है। सर्व हिन्दू आमेट समाज आपसे यह अपेक्षा करता है कि वहाँ पर हो रहे घटनाक्रम को ध्यान से देखे, उसकी गम्भीरता को समझे और बांग्लादेश के प्रशासन पर दबाव बनाए कि हिन्दुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए सुरक्षा की जाए। भारत सरकार का प्रति-उत्तर इस विषय में बहुत ही सावधानी पूर्वक और न्यूनतम रहा है। यह सही है कि एक संप्रभु देश की स्वायत्तता को किसी भी प्रकार से चुनौती देना दूसरे देश की सरकार के लिए ठीक नहीं है। परन्तु,एक बड़े हिन्दू समुदाय का इस प्रकार का उत्पीड़न पूरा विश्व, सारे पड़ौसी देश,भारत सरकार सिर्फ देखते रहे और कुछ भी कार्यवाही नहीं करें यह भी एक सीमा तक तो स्वीकार्य है। लेकिन लम्बे समय तक यह भी स्वीकार नहीं किया जा सकता। भारत सरकार इन सब घटनाओं को उनके संज्ञान में ले, बांग्लादेश के प्रशासन पर दबाव बनाए कि हिन्दुओं के उत्पीड़न को रोके। हम तुरन्त प्रभाव से इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की रिहाई की मांग करते हैं। और किसी भी प्रकार के हिन्दू नेता को, हिन्दू पुजारी को,धार्मिक गुरु को बिना किसी कारण के गिरफ्तार करने की किसी भी प्रकार की मानसिकता से बांग्लादेश सरकार बचे,यह अपेक्षा भी करते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सर्व हिन्दू समाज के लोग उपस्थित थे।

## भारत विकास परिषद द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन बामणिया में संपन्न



**भीण्डर ।** भारत विकास परिषद शाखा भिंडर द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बामणिया में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया गुरूवंदन छात्र अभिनन्दन प्रभारी ओम प्रकाश धर्मावत ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संस्था प्रधान विजय लाल मेनारिया मुख्य अतिथि समाज सेवी देवराम व्यास बांसड़ा विशिष्ट अतिथि प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी इन्द्र लाल फान्दोत ह्यद्वष् अध्यक्ष भंवर लाल पालीवाल सचिव बाल मुकुंद मन्दावत सह सचिव श्याम लाल चौबीसा गोशाला, विधायक प्रतिनिधि गिरधारी लाल पालीवाल गुरुवंदन प्रभारी ओम प्रकाश धर्मावत, मुख्य अतिथि देवराम व्यास ने बताया कि हम सबको परिषद ने सामाजिक कार्यों में जोड़कर हमारे भाग्य का उदय करवा रहे हैं हम अपने आप को शोभाग्य शाली मानते हैं । प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी इंद्रलाल फांदोत ने अपने संबोधन में कहा कि परिषद द्वारा समाज मैं बालकों को संस्कार के माध्यम से अग्रिम पंक्ति में लाने का एक अच्छा प्रयास किया जा रहा है यह एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो सामाजिक सरोकार के कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा भारत विकास परिषद परिवार के माध्यम से गुना कारपेट पौधा लगाने का पुण्य कार्य कर वृक्षारोपण विद्यालय परिसर में किया गया,एवंपरिषद की ओर से स्थानीय विद्यालय के श्रेष्ठ अध्यापक दलीप कुमार,पवन कुमार का एवं होनहार विद्यार्थी भरत पालीवाल ,दिव्या मेघवाल का तिलक, ओपरना, मोमेंटो,श्री फल एवं पेन देकर अभिनंदन किया साथ ही विद्यालय के सभी गुरुजनों का ओपरना,श्री फल,तिलक से एवं सभी 115 बच्चों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक दलीपकुमार ने किया संस्था प्रधान विजय लाल मेनारिया ने परिषद का आभार व्यक्त किया कि आप द्वारा जो कार्य किया गया हम सभी भाग्यशाली है निश्चित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहे जिस विद्यालय के बालकों का सर्वांगीण विकास हो सके सचिव बाल मुकुंद मन्दावत ने गुरु जनो को नित्य अध्ययन कर बच्चों को पढ़ाने का आव्हान किया प्रभारी ओमप्रकाश धर्मावत ने विद्यालय परिवार का कार्यक्रम सफल अयोजित होने पर विद्यालय का आभार व्यक्त किया मुख्य अतिथि देवाराम व्यास ने भारत विकास परिषद को 2100रुपया सेवा कार्य हेतु सहयोग किया एवं ओम प्रकाश धर्मावत ने 1100 रुपए स्थानीय विद्यालय में प्रदान किए सभी परिषद के दायित्व धारीयो का मोठड़ा तिलक एवं ओपरना से विद्यालय परिवार द्वाराअभिनंदन किया

## ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमेट के छात्र-छात्राओं को दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण



**आमेट ।** नगर के ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमेट के छात्र-छात्राओं को दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय के 140 छात्र छात्राएं दो बसों के द्वारा उदयपुर व हल्दीघाटी के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। भ्रमण के प्रथम दिन उदयपुर में ऐतिहासिक राजमहल सिटी पैलेस, पिछोला झील, सुखाडिया सर्किल गार्डन, सहेलियों की बड़ी का इतिहास व उसमें लगे फव्वारे ग्रेविटी सिस्टम से चलने का तरीका भी विद्यार्थियों को समझाया गया। फतेहसागर झील में बोटिंग के द्वारा विद्यार्थियों को सेर करवाई गई। दूसरे दिन प्रात काल गुलाब बाग में टॉय ट्रेन के द्वारा विद्यार्थियों को भ्रमण करवाया गया। सज्जनगढ़ अभयारण्य व बायोलॉजिकल पार्क में छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों व जीव जंतुओं के बारे में जानकारी से अवगत करवाया गया। यात्रा के अंतिम स्थल के रूप में हल्दीघाटी की पीली मिट्टी व महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक की समाधि के ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा ने पातल पिथल की कविता के माध्यम से हल्दीघाटी व मेवाड़ के इतिहास को समझाया। इस शैक्षिक भ्रमण मे प्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा, अध्यापक लोकेश आमेटा,रेखा खटीक, निर्मला दमानी भी उपस्थित रहे। संचालक दिनेश चंद्र शर्मा ने भ्रमण दल का स्वागत करते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि समय-समय पर हमें देश के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करना चाहिए! जिससे हमें हमारे प्राचीन इतिहास व स्थलों के बारे में जानकारी मिल सके।

## श्री जैन दिवाकर संगठन समिति की यात्रा



**चितौड़गढ़ ।** श्री जैन दिवाकर संगठन समिति अध्यक्ष राजेश सेठिया के अनुसार आज निंबाहेड़ा एक दिवसीय दर्शन कार्यक्रम का आयोजन साध्वी जैन सिद्धांताचार्य मधुर गायिका श्री प्रतिभा श्री जी महाराज ठाणा -3 का दर्शन और प्रवचन का लाभ लिया ।

पूज्या महा साध्वी श्री प्रतिभाश्री जी म.सा के तपस्या की अनुमोदनार्थ पद अलंकृत हेतू अखिल भारतीय श्री जैन दिवाकर संगठन समिति रजि. कि अनुशंषा पर इंदौर में विराजमान कविवर्य प्रवर्तक श्री विजयमुनि जी म.सा द्वारा तप रतन के पद से विभूषित किया गया । पूज्य प्रवर्तक श्री विजय मुनि जी महाराज द्वारा प्रदत क्क्अलंकृत पत्र एवं आदर की चादरक्क पूज्या महासाध्वी श्री प्रतिभा श्री जी म.सा को अखिल भारतीय श्री जैन दिवाकर संगठन समिति रजि. एवं महिला शाखा तथा ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान के पदाधिकारीयो राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील लाला बम वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक नवलखा संगठन मंत्री सिद्धराज जी सिंघवी और श्री जैन दिवाकर संगठन समिति चित्तौड़ अध्यक्ष राजेश सेठियाऔर श्री जैन दिवाकर महिला परिषद की अध्यक्ष अंगूर बाला नगीना महता चित्तौड़ के नेतृत्व में साध्वी श्री को अलंकरण पत्र और शाल द्वारा अभिवादन किया गया । यात्रा में श्रमण संघ पूर्व अध्यक्ष ऋषभ सुराना सुरेश मेहता पूर्व मंत्री अजीत नाहर पदम जी महता नरेश भड़कतियां अशोक कोठरी अम्बा लाल सुखलेचा ऋषभ भड़कतियां विजेंद्र जैन सीएम चंडालिया संदीप नाहरअशोक छाजेड सुरेश लोढ़ा कमल बोहरा विनय मारू प्रकाश पटवारी सहित काफी संख्या में महिलाओ ने भाग लिया श्री जैन दिवाकर महिला परिषद अध्यक्ष अंगुर बाला भड़कतिया मंत्री नगीना महता शीला लोढ़ा निर्मला नाहर ने सुंदर गीतिका प्रस्तुत की पूर्व मंत्री अजीत नाहर ने विचार व्यक्त किए वरिष्ठ श्राविका सोहन देवी चिपड उमराव देवी मारू ने गुरु की भक्ति में भजन प्रस्तुत किए महिलाओं में भूतपूर्व अध्यक्ष आशा जी चिप्पड़ ललिता जी चिप्पड़ पुष्पा मेहता कुसुम भड़कतिया गुमान देवी भड़कतिया शीला मेहता विमला मेहता कानन बाला मेहता सुनीता सिपानी साधना तरावत जतन देवी बोहरा तारा बोहरा आदि बहने मौजूद थी नीमच से पधारी दिवाकर संगठन समिति राष्ट्रीय महिला शाखा की अध्यक्षा संगीता जी जारोली ने सिद्धि तप करने वाले भाई बहनों का बहुमान किया । यात्रा कार्यक्रम संयोजक नरेश भड़कतियां कोषाध्यक्ष अनिल पटवारी ने व्यवस्था में सहयोग किया ।

### जमादार बेनीवाल का किया स्वागत

**कपासन ।** नगर पालिका जमादार सत्यनारायण बेनीवाल की स्वास्थ्य निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर मंगलवार को छत यक्ष अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ द्वारा माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।इस दौरान नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा,नपा स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली एवं अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ कपासन अध्यक्ष विक्रम कोदली की अगुवाई में नगर पालिका कार्मिकों द्वारा जमादार सत्यनारायण बेनीवाल को स्वास्थ्य निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर माल्यार्पण के साथ मुंह मीठा कराकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका जमादार मुकेश कोदली, गीता देवी, सफाई कार्मिक दिनेश कुमार, राजकुमार,राजेश, गोपाल, विशाल कोदली आदि कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## मधुवन क्षेत्र में बदमाशो कि बढ़ती अनैतिक गतिविधियों के चलते पुलिस गश्त की मांग



**चित्तौड़गढ़ ।** शहर के मधुवन हाथीकुण्ड क्षेत्र में बदमाश लड़को की बढ़ती अनैतिक गतिविधियों से परेशान क्षेत्रवासियों ने थानाधिकारी को ज्ञापन सौंप पुलिस पेट्रोलिंग करवाने एव ऐसे लोगो पर कार्यवाही करने की मांग कि है।

क्षेत्रवासियों ने सदर थानाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मधुवन हाथीकुण्ड मंदिर परिसर व गार्डन में आने वाली महिलाओं व लड़कियों को देखकर कुछ बदमाश लड़के छीटाकशी करते एव बत्तमीजी करते है, एक दिन मंदिर परिसर में भी घुसकर गाली गलौज ओर बत्तमीजी की। क्षेत्रवासियों ने ऐसे लड़को पर सख्त कानूनी कार्यवाही कि मांग करते हुए क्षेत्र में पुलिस गश्त लगाने का निवेदन किया। इसपर थानाधिकारी ने नियमित पुलिस गश्त लगाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने में एसके सचान, झमकलाल सुखवाल, अनिल भटनागर, जगदीश जांगिड़, प्रेम कुमावत, राजेंद्र जांगिड़, राजाराम जाट सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### नवनियुक्त बूथ अध्यक्ष बनाये



**प्रतापगढ़ ।** भारतीय जनता पार्टी के 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक चलने वाले 'मेरा बुथ सबसे मजबूत मेरा बुथ भाजपा का बुथ ' बारावरदा मंडल में नवनियुक्त बुथ अध्यक्ष बनाये गये ! एक जानकारी में सक्रिय सदस्यता मंडल संयोजक विमल लबाना ने बताया हे कि प्रदेश के सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री क्षेत्रीय विधायक गौतम दक ओर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व मे नवनियुक्त बुथ अध्यक्ष का भी विस्तार किया गया। इस क्रम में कुलमीपुरा कमल सुथार, टांडा देवीलाल लंबाना , प्रभु लाल लबाना, बडिरया ईश्वर लाल पाटीदार, पहलाद सिंह , भेमेरिया से भंवर सिंह , काजली पंकज पाटीदार, कोलवी से किशोरी गायरी,काजली खेड़ा से ओमप्रकाश पाटीदार , बारावरदा से केलाश मीणा , कारुलाल गुर्जर, हनुमान चोराहा श्याम लाल गुर्जर , बावड़ी खेड़ा से नंदलाल मीणा , अंबालाल बंजारा चौकड़ी अभय सिंह, दिलीप राठौर घमोतर, कृष्ण पाल सिंह लालपुरा, सभी सहकारिता मंत्री एवं मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में नवनियुक्त बुथ अध्यक्ष का चयन हुआ।

## बांग्लादेश में हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सर्व हिन्दू समाज ने रैली निकाल कर सौपा ज्ञापन

प्रतापगढ़ 4 दिसम्बर। बांग्लादेश में हिंदुओ पर हो रहे आमानवीय अत्याचार के विरोध में एवं हमलावरों पर कार्यवाही बाबत प्रतापगढ़ सर्व हिन्दू समाज द्वारा वाहन रैली निकाल कर जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौपा गया ।

सर्व हिन्दू समाज द्वारा सोपे गए ज्ञापन में बताया गया कि पड़ौसी देश बांग्लादेश में सता के विरुद्ध उठे छात्र आंदोलन ने सत्ता परिवर्तन के बाद अपना आंदोलन वहां बसे अल्पसंख्यक समाज के विरुद्ध हिंसा में बदल दिया इससे स्पष्ट होता है कि यह आंदोलन वहां के अल्पसंख्यक समाज को मारने, लूटने के षड्यंत्र का हिस्सा रहा है। बांग्लादेश की सरकार अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हो रहे आ' मण, अत्याचार व संपत्ति की लूट रोकने में पुरी तरह असफल रही है। बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों विशेष दलित हिन्दुओं के विरुद्ध हमले का दुसरा चरण प्रारंभ हो गया है। हमलो के विरुद्ध वहां का अल्पसंख्यक समाज शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहा है तो आंदोलन के नेतृत्वकर्ता को झूठे आरोप लगाकर गिरफ्तार कर लिया गया है। वहां का अल्पसंख्यक हिन्दू समाज भारत व विश्व समुदाय की ओर कातर दृष्टि से आशा लगाये बैठा है लेकिन अभी तक के प्रयास उनके विरुद्ध हो रहे हनले रोकने में नाकाम साबित हो रहे है। अत:सर्व हिन्दू समाज आपसे आग्रह करता है कि आप बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू समाज के विरुद्ध हो रहे हमले, अत्याचार व सम्पत्ति क्षति को रुकवाने हेतू कारगर व कठोर कदम उठावे।

### शर्मा विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**प्रतापगढ़।** विप्र फाउंडेशन जॉन ए के प्रभारी प्रमोद पालीवाल व प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पालीवाल युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष विकास शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री राजेश पालीवाल के निर्देशानुसार प्रतापगढ़ जिले में 2024-26 नवीन दायित्व जिला अध्यक्ष पद पर गणपत लाल शर्मा जिला संरक्षक रघुनंदन शर्मा पारसोला धरियावद चंद्रशेखर मेहता सत्यनारायण भट्ट प्रतापगढ़ वीरेंद्र कुमार ओदिच्य छोटी सादड़ी राजेंद्र जोशी अरनोद जिला उपाध्यक्ष मुकेश नागर हेमंत जोशी छोटी सादड़ी दिनेश शर्मा अरनोद गोपाल शर्मा पीपलखूंट आनंद शर्मा धरियावद जिला महामंत्री जगदीश शर्मा वरमंडल प्रतापगढ़ जिला सचिव अशोक शर्मा छोटी सादड़ी ललित शुक्ला जिला कोषाध्यक्ष को नियुक्त किया गया विप्र फाउंडेशन प्रतापगढ़ के पदाधिकारी ने प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया।

# सम्पादकीय

## शीतकालीन सत्र में गतिरोध

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विभिन्न दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद सदन की कार्रवाई सुचारू चलने की संभावनाएं दिखी है, जो अच्छी बात है। सत्तापक्ष व विपक्ष के नेताओं के साथ हुई इस बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजीजू ने कहा विपक्षी दल सदन में गतिरोध दूर करने के लिए राजी हो गए हैं। विपक्षी दलों की मांग स्वीकार करते हुए सरकार ने 13-14 दिसम्बर को संविधान पर लोक सभा में, राज्य सभा में 16-17 को चर्चा का ऐलान किया। इसी के साथ शीतकालीन सत्र में जारी गतिरोध टूट गया। विपक्षी दल संविधान सभा द्वारा संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग कर रहे थे। छह दिनों से चले आ रहे गतिरोध को रोकने में सरकार ने चर्चा का अनुरोध स्वीकार किया।

हालांकि तृणमूल कांग्रेस द्वारा विपक्ष की इस संयुक्त रणनीति का पालन करने से किया गया इनकार अलग संकेत दे रहा है। क्योंकि वह बांग्लादेश में हो रही घटनाओं को उठाना चाहती है, जबकि विपक्ष संभल व मणिपुर में अशांति का मुद्दा उठाने से चूकने वाला नहीं। अखिलेश यादव कह रहे हैं, संभल की घटना भाजपा की सोची-समझी रणनीति है। यादव सदन में इस पर अपनी बात रखना चाहते हैं। कांग्रेस अड़ानी समूह से जुड़े विवादित मामलों पर चर्चा के लिए अड़ी है। इस ऐतिहासिक चर्चा में प्रधानमंत्री के शामिल होने की संभावना है, जिसमें संविधान के मूल सिद्धांतों, विकास व देश के विकास में इसकी भूमिका पर समग्र विचार हो सकता है। इसे खास मौका बताया जा रहा है, जिसमें दोनों सदनों में संविधान के महत्व व प्रासंगिकता पर सरकार के साथ विपक्ष के नेताओं का संवाद होना तय है।

शीतकालीन सत्र में विरोध व नारेबाजी से नाराज होकर राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मर्फी नियम का हवाला देते हुए कहा था, जो कुछ गलत हो सकता है, वह गलत ही होगा। लगातार सांसदों से शालीन बर्ताव करने की उम्मीद किए जाने के बाद भी विपक्ष सदन में चर्चा की बजाए हो-हल्ला करने व विरोध जताने में अपनी ऊर्जा लगा रहा है। विरोध करना व सरकारी कामकाज/निर्णयों पर संदेह करना नि:संदेह विपक्ष की जिम्मेदारी है। वह अपना काम करता है मगर कभी यह तरीका असंसदीय हो जाता है। सत्तापक्ष को भी अपने दायित्व को समझना चाहिए। विपक्ष को नजरंदाज करने का उसका तरीका संविधान के अनुकूल नहीं कहा जा सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### उपजिला प्रमुख पुष्कर तेली ने सौंपा 5 लाख की मुआवजा राशि का चेक

**गोगुंदा/उदयपुर (पुकार)।** भानपुरा के बागड़ में 4 माह पूर्व कालू गमेती की बिजली के करंट से हुई थी मौत, एसडीएम डॉक्टर नरेश सोनी, तहसीलदार रणछोड़ लाल, विभाग़ के एईएन रोहित सिंह ने मृतक की मां सोहनी बाई को सौंपा चेक, कई अन्य जनप्रतिनिधि रहे मौजूद, चेक मिलने के बाद महिला ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का किया आभार व्यक्त।

### क्रान्तिकारी शहीदों को याद किया

**उदयपुर (पुकार)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उदयपुर जिला अध्यक्ष डॉ.मनोज भटनागर ने बताया कि आजाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति, संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष डा.राजेंद्र प्रसाद,क्रांतिकारी शहीद खुदीराम बोस एवं कालीप्रसाद कुलभास्कर की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से उन राष्ट्रभक्तो का देश को योगदान विषयक संगोष्ठी में उनके वृहदचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर स्मरणांजलि अर्पित की गई।

डॉ.भटनागर ने डॉ.राजेंद्र प्रसाद,क्रन्तिकारी बोस की देश के प्रति समर्पण भावना और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान का स्मरण कराया।आमजन के लिये तत्समय कायस्थ पाठशाला के संस्थापक स्व.काली प्रसाद कुल भास्कर के योगदान का स्मरण कराया। संगोष्ठी में संरक्षक डॉ.राजकुमार कुलश्रेष्ठ,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अर्चना कुलश्रेष्ठ,उपाध्यक्ष लक्ष्मी माथुर, महामंत्री मनीष भटनागर, श्री चितृगुप्त सेवा संस्थान के अध्यक्ष गौरीशंकर भटनागर,अनुराधा माथुर,सुनीता भटनागर,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार माथुर,राष्ट्रीय मंत्री अंबादेवी माथुर, सुश्री श्वेता ने भी अपने विचार रखें।

### कॉमर्स कॉलेज के पूर्व महासचिव ने फांसी लगाई

**उदयपुर (पुकार)।** सविना थाना क्षेत्र में विजयसिंह पथिक नगर में रहने वाले कॉमर्स कॉलेज के पूर्व महासचिव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार विश्वजीत सिंह शक्तावत (26) पुत्र अमरसिंह की नानी शहर के देवाली इलाके में रहती है। उनकी तबीयत खराब थी तो उनसे मिलने के लिए विश्वजीत के पिता अमरजीत सिंह शक्तावत परिवार के साथ देवाली गए हुए थे। शाम करीब 6 बजे विश्वजीत के घरवाले लौटे। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद उन्होंने गेट तोड़ दिया। यहां बेटे को फंदे से लटकता हुए देख घरवालों के होश उड़ गए। विश्वजीत को पास के ही निजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।







*शिल्पग्राम उत्सव की तैयारियां जोरों पर। ...फोटो : ऋषभ जैन*

## शिल्पग्राम उत्सव तैयारी बैठक 10 को

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा आयोजित दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव की सुचारू व सफल आयोजन हेतु बैठक शिल्पग्राम में जिला कलेक्टर के सानिध्य में मंगलवार 10 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे रखी गई है। जिसमें विविध व्यवस्थाओं एवं विभिन्न विभागों में सामंजस्य स्थापित करने हेतु संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सम्मिलित होंगे।

## शिल्पग्राम में परंपरागत मुखौटा कार्यशाला का समापन



**उदयपुर (पुकार)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा आयोजित दस दिवसीय परंपरागत मुखौटा निर्माण कार्यशाला का समापन बुधवार को शिल्पग्राम में संपन्न हुआ। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि दस दिवसीय परंपरागत मुखौटा निर्माण कार्यशाला में करीब 12 कलाकारों ने भाग लिया। उदयपुर सहित बूंदी, गुजरात, मुंबई, तेलंगाना ने सृजनकर्ताओं ने अपने हुनर से परंपरागत मुखौटे फाइबर, आइरन और पेपरमेशी माध्यमों से 3 से 6 फीट के निर्मित किए गए है। इनमें मिट्टी, कपड़े, बांस, बांस की टोकरी, कागज, इमली के बीज का आटा, सूतली, फेविकोल आदि का उपयोग कर उनको मनभावन रंगों से सजाया है। लोक कलाकारों और जनजातीय समुदायों से संबंधित मुखौटों को बारीकि से उकेरा गया है। कलाकारों ने अपने दस दिवसीय कार्यशाला के अनुभवों को साझा किए तथा इस प्रकार की कार्यशाला आगे भी करवाई जाने की बात कही। अंत में सभी कलाकारों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। समापन अवसर पर केन्द्र के भूपेन्द्र कोठारी, हेमंत मेहता तथा संदीप पालीवाल उपस्थित थे।

### बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास की अवलम्ब रिहाई एवं हिन्दुओं के लगातार उत्पीड़न पर विराम हेतु

## कलेक्टर को उदयपुर की हिन्दू सर्व समाज मातृशक्ति द्वारा ज्ञापन

**उदयपुर (पुकार)।** कलेक्ट्री पर बंगलादेश में चिन्मय कृष्ण दास जी की अविलम्ब रिहाई व हिन्दुओं के लगातार उत्पीड़न पर विराम हेतु हिन्दू सर्व समाज की मातृशक्ति द्वारा माननीय राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन दिया गया। बांग्लादेश शासन द्वारा वहां के इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी वहाँ अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय पर अनवरत एवं अमर्यादित अत्याचार वहां के शासन की कायरतापूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना है। वहाँ के शासन की इस कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना का पुरजोर विरोध आवश्यक है। इस्कॉन ने या अन्य हिन्दू समाज के संगठनों ने अभी तक अपने उत्पीड़न के विरोध में जितनी भी कार्यवाही की है वे लोकतांत्रिक तरीके से की गई हैं। किसी भी प्रकार की हिंसा का उन्होंने प्रतिहिंसा के रूप में अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है। इस प्रकार के पूर्ण शान्तिप्रिय और लोकतांत्रिक रूप से अपनी बात रखने वाले समाज के किसी नेतृत्व को, जो एक वर्ग का भी नेतृत्व करते हैं, इस प्रकार से अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बन्द करना उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक है, अमानवीय है और हिन्दू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है।



बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपथी, इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे है। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने, वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिन्ता व्यक्त करनी चाहिए थी जैसी रोक लगानी चाहिए थी, ऐसी रोक नहीं लगाई है। सर्व हिन्दू समाज उदयपुर भारत की सरकार से यह अपेक्षा करता है कि वह बांग्लादेश में हो रहे घटनाक्रम को ध्यान से देखे, उसकी गम्भीरता को समझे और बांग्लादेश के शासन पर दबाव बनाए कि हिन्दुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए, सुरक्षा की जाए। भारत सरकार का प्रति-उत्तर इस विषय में बहुत ही सावधानी पूर्वक और न्यूनतम रहा है। यह सही है कि एक संप्रभु देश की स्वायत्तता को किसी भी प्रकार से चुनौती देना दूसरे देश की सरकार के लिए ठीक नहीं है परन्तु, एक बड़े हिन्दू समुदाय का इस प्रकार का उत्पीड़न पूरा विश्व, सारे पड़ोसी देश, भारत सरकार सिर्फ देखते रहे और कुछ भी कार्यवाही नहीं करें यह भी एक सीमा तक तो स्वीकार्य है लेकिन लम्बे समय तक यह भी स्वीकार नहीं किया जा सकता। रूचि श्रीमाली ने बताया कि भारत सरकार इन सब घटनाओं को उनके संज्ञान में ले, बांग्लादेश के प्रशासन पर दबाव बनाए कि हिन्दुओं के उत्पीड़न को रोका जाये एवं इस्कॉन के मुख्य पुजारी श्री चिन्मय कृष्ण दास प्रभु जी की रिहाई की जाए, इसी विषय को लेते हुए ये ज्ञापन दिया गया है।

ज्ञापन देते समय वहां रजनी डांगी, सरला गुप्ता, जसवंत धुप्या, गीता मनावत, निर्मला गट्टानी, पुष्पा वर्डिया, रेखा चौधरी, रीता पूरी गोस्वामी, पुष्पा चौधरी, योगिता चौहान, रेखा राठौड़, उषा राव, रुपाली जैन इत्यादि अनेक उदयपुर की महिलाएं उपस्थित थी।

## फाइनेंस कर्मियों को लूटने वाले गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** फाइनेंस की किश्ते का लाखों रूपया एकत्रित कर लाने वाले फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट व लूट करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अब तक 8 वारदातें करना स्वीकार किया है। गोवर्धनविलास थानाधिकारी भवानी सिंह राजावत ने बताया कि थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार फाइनेंस कंपनियों के कलेक्शन कर लाने वाले कर्मचारियों के साथ मारपीट कर लूटपाट की घटनाएं हो रही थी और बदमाश अब तक लाखों रूपए लूट चुके है। इस पर थानाधिकारी के नेतृत्व में एएसआई कालू लाल, प्रदीप कुमार, मनोहर सिंह, कांस्टेबल दिनेश सिंह, दिनेश कुमार, शैतान राम, सुरेन्द्र सिंह, अंकित सिंह, मोहन लाल, लोकेश रायकवाल की टीम ने जहां-जहां घटना हुई उस मार्ग के आस-पास करीब 500 सीसीटीवी कैमरे चैक किए। सारे रूट करीब 100 किलोमीटर में पड़ने वाले विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल टावर से मोबाइल डेटा एकत्र कर उनका विश्लेषण किया। अलग-अलग क्षेत्रों व अलग-अलग तारीखों की घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर उनके फुटेज का मिलान किया। फुटेज में नजर आ रहे बदमाशों के कद-काठी, हुलिया, वेशभूषा व घटना में प्रयुक्त वाहन के आधार पर राकेश कुमार पुत्र शिव राम मीणा निवासी नेर फलां अ खरबर परसाद व अजीत कुमार पुत्र कांति लाल मीणा निवासी बलीचा फला राजनगर पाटिया को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने सख्ती से पूछताछ की तो इन बदमाशों अपनी गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर फाइनेंस कर्मचारियों के साथ लूट की 8 वारदातें करना स्वीकार किया।



## जादूगर आंचल के मैजिक शो का आगाज

**सोमवार से शुक्रवार एक शो व शनि, रवि को होंगे तीन शो**

**उदयपुर (पुकार)।** लेकसिटी की रहने वाली जादूगर आंचल के मैजिक शो का बुधवार को आगाज हो गया। जादूगर आंचल पिछले 27 सालों से मैजिक शो कर रही हैं। जादूगर आंचल के मैजिक शो का उद्घाटन ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा व जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने किया। इस मौके पर देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री, महंत इन्द्रदेव दास, महंत अमर गिरी महाराज, नारायण सेवा संस्थान के फाउंडर कैलाश मानव, एमबी हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. आर एल सुमन, डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री मौजूद रहे। जिला कलेक्टर पोसवाल ने उद्घाटन समारोह में जादूगर आंचल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उदयपुर के लोगों के लिए गर्व की बात है कि आंचल ने अब तक देश के 17 राज्यों एवं दुनिया के 7 देशो में करीब साढे चौदह हजार स्टेज शो किए है। वहीं विधायक फूल सिंह मीणा ने जादूगर आंचल को बधाई देते हुए कहा कि वे इसी तरह उदयपुर शहर का नाम रोशन करती रहे। उद्घाटन समारोह के बाद जादूगर आंचल की ओर से पेश किए गए कार्यक्रमों को देख अतिथियों सहित दर्शकों ने दांतो तले अंगुली दबा ली। एक के बाद एक कार्यक्रम की प्रस्तुति के बाद जादूगर आंचल ने जमकर तालिया बटोरी। बता दे कि अब तक वह तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है ओर भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुकी हैं। इससे पहले आंचल दो साल पहले उदयपुर में मैजिक शो कर चुकी हैं।



## सांसद रावत ने लोकसभा में असावरा-जयपुर ट्रेन का नाम मानगढ धाम एक्सप्रेस करने की मांग उठाई

**दक्षिण भारत को उदयपुर से जोडने का सुझाव दिया**

**इंदौर और सूरत के लिए भी वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग**

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर लोकसभा सांसद मन्नालाल रावत ने बुधवार को लोकसभा में असावरा से जयपुर तक चलने वाली ट्रेन का नाम बदलकर मानगढ धाम एक्सप्रेस करने की मांग उठाई है।

बुधवार को लोकसभा में रेल संशोधन विधेयक के समर्थन पर बोलते हुए सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि यह वर्ष जनजाति गौरव वर्ष के नाम से मनाया जा रहा है और साथ ही भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं को लेकर कई कार्यक्रम भी चल रहे हैं। इसी के मद्देनजर असावरा से जयपुर तक चलने वाली ट्रेन का नाम बदलकर मानगढ धाम एक्सप्रेस किया जाना चाहिए। इससे इस मेवाड वागड के जनजाति बहुल क्षेत्र को गौरव प्राप्त होगा। इससे पूर्व सांसद रावत ने कहा कि शामलाजी से हिम्मतनगर तक के ट्रेक का इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य पूरा हो चुका है, इसलिए दक्षिण भारत से आने वाली कई ट्रेनें जिनका अहमदाबाद में स्टॉपेज रहता है उनका उदयपुर का विस्तार करने से हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा। इसी के साथ उदयपुर को भी दक्षिण भारत से जोडा जा सकेगा।

सांसद रावत ने झारखंड जैसे राज्य में 12 वंदे भारत ट्रेन चल रही हैं, जबकि राजस्थान में केवल 4 वंदे भारत ही चल रही है। इसको देखते हुए 4 वंदे भारत ट्रेन और शुरु करके इनका विस्तार उदयपुर इंदौर और सूरत के लिए किया जाना चाहिए। सांसद रावत ने रतलाम-डूंगरपुर रेल खंड परियोजना का काम फिर से शुरु करने पर रेलमंत्री का आभार जताया और कहा कि यह परियोजना आदिवासी क्षेत्र के लिए अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने रेलमंत्री का इस बात के लिए भी आभार जताया कि उन्होंने जनजाति गौरव कॉरिडोर का एक नया विचार दिया है जो जनजाति क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

बताया कि एक नया सर्वे शुरु हुआ है जो मंदसौर से प्रतापगढ, घाटोल, बांसवाडा होते हुए आसपुर तक का है, जो एक विशुद्ध रुप से आदिवासी क्षेत्र में है और इससे एक नए भारत की तस्वीर सामने आएगी।




## भारत ने पांचवीं बार जूनियर एशिया कप का खिताब जीता

### भारतीय हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 5-3 से हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने बुधवार को पाकिस्तान को 5-3 से मात देकर पुरुष जूनियर एशिया कप का खिताब जीत लिया। फाइनल में भारत ने पांचवीं बार जीत दर्ज की है। इससे पहले टीम ने 2004, 2008, 2015, 2023 और 2024 खिताब जीता था। बता दें कि, भारत की जूनियर हॉकी टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी पीआर श्रीजेश निभा रहे हैं। उनके कोच बनने के बाद भारत ने पहली बार कोई खिताब जीता है।

**भारत की खिताबी हैट्रिक**

गत विजेता भारत की जीत में अरिजीत सिंह हुंदल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल दागे। उन्होंने तीन गोल (चौथे, 18वें और 54वें मिनट) पेनाल्टी कॉर्नर पर और 47वें मिनट में एक मैदानी गोल किया। यह टूर्नामेंट में भारत की खिताबी हैट्रिक है। बीते वर्ष भी भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराया था। एक समय दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर थीं, लेकिन चौथे और अंतिम क्वार्टर में हुंदल ने लगातार दो गोल करते हुए भारत को विजेता बना दिया।

**मध्यांतर पर 3-2 से बनाई बढ़त**

पहला क्वार्टर बेहद रोमांचक रहा। पाकिस्तान ने शुरुआत में ही भारत पर बढ़त बना ली। हन्नान शाहिद ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल किया, लेकिन एक मिनट बाद ही भारत को पहला पेनाल्टी कॉर्नर मिला, जिसे हुंदल ने गोल में बदल भारत को बराबरी दिला दी। दूसरा क्वार्टर भारत के नाम रहा। 18वें मिनट में भारत को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर हुंदल ने गोल कर भारत को 2-1 से बढ़त दिला दी। एक मिनट बाद ही दिलराज सिंह ने शानदार स्टिकवर्क दिखाते हुए भारत को 3-1 की बढ़त दिलाई। हालांकि दूसरा क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले पाकिस्तान को पेनाल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर सूफियान ने गोल दागकर स्कोर 2-3 कर दिया।

### टेस्ट में शतक बनाने के बावजूद यशस्वी को हुआ रैंकिंग में नुकसान

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: बल्लेबाजों में चौथे स्थान पर यशस्वी जायसवाल

### विराट कोहली को भी लगा झटका, बुमराह की बादशाहत बरकरार



**शीर्ष 10 में सिर्फ 2 भारतीय बल्लेबाज**

**बुमराह, अश्विन और जडेजा भी शीर्ष 10 में**

**दुबई (एजेंसी)**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतकीय पारी के बावजूद यशस्वी जायसवाल को ताजा टेस्ट रैंकिंग में नुकसान हुआ है। उनके अलावा विराट कोहली को भी झटका लगा है। अब वह एक स्थान के नुकसान के साथ 14 वें पायदान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार है। वह शीर्ष स्थान पर काबिज हैं।

**हैरी ब्रूक दूसरे पायदान पर पहुंचे**

भारतीय टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा चुका है। पर्थ में खेले गए इस मैच में टीम इंडिया ने 295 रनों से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में शतकीय पारियां खेलने वाले यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को आईसीसी की ताजा रैंकिंग में नुकसान झेलना पड़ा है। 22 वर्षीय बल्लेबाज ने दूसरी पारी में 15 चौके और तीन छक्के की मदद से 161 रन की पारी खेली थी। वहीं, विराट कोहली ने 100* रन बनाए थे। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में जायसवाल 825 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है। अब उनकी जगह इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं, किंग कोहली 689 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ 14वें नंबर पर पहुंच गए।

पर्थ टेस्ट में ऋषभ पंत का बल्ला कुछ खास नहीं चला। पहली पारी में उन्होंने 37 और दूसरी पारी में सिर्फ एक रन बनाया। हालांकि, इससे उनकी रैंकिंग पोजीशन में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। वह 736 रेंटिंग प्वॉइंट्स के साथ छठे पायदान पर काबिज हैं। शीर्ष पंत और जायसवाल ही दो भारतीय बल्लेबाज हैं।



टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार है। वह 883 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पहले मैच में कुल आठ विकेट चटकाए थे। वहीं, अश्विन को इस मैच में आराम मिला था। वह चौथे पायदान पर बने हुए हैं। दिग्गज स्पिनर रवींद्र जडेजा को एक स्थान का लाभ हुआ है और वह छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। उनके खाते में 794 अंक हैं।

## सारा तेंदुलकर होंगी एसटीएफ की निदेशक

### सचिन ने लिया बेटी सारा तेंदुलकर की जिंदगी से जुड़ा बड़ा फैसला



**मुंबई, (एजेंसी)।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी बेटी सारा तेंदुलकर अब सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन (एसटीएफ) की निदेशक होगी।

एक्स पर एक पोस्ट में सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें यह खबर साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सचिन ने कहा कि सारा ने खेल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के माध्यम से देश को सशक्त बनाने के लिए यह यात्रा शुरू की है। तेंदुलकर ने लिखा- मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा तेंदुलकर निदेशक के रूप में एट द रेट एसटीएफ-इंडिया में शामिल हो गई हैं। उनके पास यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से क्लिनिकल और पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में मास्टर डिग्री है। वह खेल, स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से भारत को सशक्त बनाने की यात्रा पर निकल पड़ी हैं। और शिक्षा, यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है कि कैसे वैश्विक शिक्षा पूर्ण चक्र में आ सकती है।

**चिकित्सा में स्नातक हैं सारा तेंदुलकर**

बता दें कि सारा तेंदुलकर का जन्म 12 अक्टूबर 1997 को हुआ था। सारा ने अपनी स्कूल स्तर तक की पढ़ाई मुंबई में धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से पूरी की है। इसके बाद वह अपनी उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई थीं और लंदन विश्वविद्यालय के कॉलेज में दाखिला लिया था। सारा ने यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन (यूसीएल) से चिकित्सा के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री हासिल की हैं।

## संक्षिप्त खबरें...

### महिलाओं पर हिसा मंजूर नहीं को लेकर स्कूली बच्चों के साथ किया संवाद



**फतहनगर।** बासनीकलां ग्राम पंचायत के बासनी खुर्द गांव स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में विकल्प संस्थान की ओर से 16 दिवसीय अभियान के तहत महिलाओं पर हिंसा मंजूर नहीं को लेकर संवाद कार्य म का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के 84 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। रेली का आयोजन किया गया जिसमें किसी भी बहाने महिलाओं पर हिंसा मंजूर नहीं का संदेश देते हुए अलग-अलग नारे लगाते हुए वासनीखुर्द के सभी मोहल्लों में रैली निकाली गई। मस्जिद के पास चौक में सभी लड़के-लड़कियों को बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद समुदाय स्तर पर लोगों के साथ संवाद करते हुए हेल्पलाइन के पेम्पलेट दिए गए। महिला हिंसा के खिलाफदीवारों पर नारा लेखन किया। संस्था से मीना,कृष्णा,रोशन ने कोर्डिनेट किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मीलाल नंदवाना का भी सहयोग रहा।

### पालिका में कार्यरत संविदा कार्मिको ने बकाया मानदेय व टेण्डर को लेकर दिया धरना




**फतहनगर।** पालिका में कार्यरत संविदा कार्मिक बुधवार को बकाया मानदेय व टेण्डर को लेकर धरने पर बैठे। धरने पर बैठे कार्मिक पालिका में संविदा कार्मिक के तहत विगत 10-12 वर्षो से प्लेसमेंट एजेन्सी के मार्फत सेवाएं दे रहे है। अगस्त 2023 का भुगतान आज दिनांक तक नहीं किए जाने से एवं नियमति रूप से पालिका द्वारा समय पर टेण्डर नहीं करने के बावजूद इन कार्मिको से कार्य करवाया गया तथा उक्त अवधि का भुगतान नहीं किया गया। ये कार्मिक अपने साथ हो रही नाइंसाफी को लेकर पिछले दिनों विधानसभा प्रभारी कृष्णगोपाल पालीवाल से भी मिले तथा सांसद के नाम ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही का आग्रह किया था। ज्ञापन में इन कार्मिकों ने 03 दिसम्बर से कार्य के बहिष्कार की चेतावनी दी थी। इसी के मद्देनजर बुधवार को इन कार्मिकों ने पालिका के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से धरना दिया। गुरूवार से कुछ कार्मिक भूख हड़ताल पर भी जाऐंगे।

### संगेसरा में नि.शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का अयोजन हुआ



**भूपालसागर ।** संगेसरा चामुंडा माता मंदिर परिसर में जन सेवक देवी लाल जाट के सानिध्य में बिस्नोई डेंटल केयर मंगलवाड़ के तत्वाधान में विशाल निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा शिविर प्रभारी डॉ. दीपा व डॉ.कल्याणी सहित सभी प्रकार के दंत विशेषज्ञ मौजूद रहें। शिविर प्रात :10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहा। शिविर में सभी प्रकार के दंत रोगियों का इलाज नि.शुल्क किया गया। जिसमे दाँत निकालना,दातो में मसाला भरना, तथा फ्लोराइड युक्त दातो कि सफाई सहीत करीब 100 से अधिक जन का उपचार निःशुल्क हाथो हाथ किया। साथ ही शिविर में टीम युवा ब्रिगेड के पंकज खटीक, कैलाश सोनी,पप्पु लाल रेगर, दिनेश भारती,प्रकाश प्रजापत, पवन सुथार, नरेश टेलर, प्रहलाद प्रजापत, चंद्र प्रकाश, डाल चन्द तेली,ओम प्रकाश गर्ग, नन्द लाल गोस्वामी, हीरा लाल जाट, नाथु लाल सुथार , गंगा राम तेली, किशन लाल खटीक सहीत सभी ग्रामीणों कि उपस्थिति शिविर का आयोजन हुआ।

### विद्यालय में बाल वाटिका का आयोजन



**भूपालसागर ।** स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में संस्था प्रधान मीनाक्षी प्रतिहार के सानिध्य में बाल वाटिका का आयोजन व अभिभावक बैठक रखी गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीबीईओ लक्ष्मणसिंह चुण्डावत विशिष्ट अतिथि आरपी ओमप्रकाश खटीक, एसडीएमसी सदस्य अशोक चपलोत उपस्थित रहे बाल वाटिका के प्रभारी पवन गुप्ता व फतेहसिंह द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें छोटे छोटे बच्चो की खेल प्रतियोगिता अभिभावक की मौजूदगी में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विजेता अभिभावक विमला माली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही नींबू दौड में प्रथम स्थान पर करिश्मा माली द्वितीय स्थान पर पूनम माली तृतीय स्थान पर चेतन माली व चतुर्थ स्थान पर दीपक माली विजेता रहे। कार्यक्रम में सीबीईओ चुण्डावत ने अपने उद्बोधन में बच्चो को बताया कि शिक्षा के साथ छोटे छोटे खेल ही बच्चो को एक अनुकूल मार्गदर्शन प्रदान करता है इसलिए शुरुआत हमेशा ऐसे आयोजन से करनी चाहिए जिसमें अपनी भूमिका महत्वपूर्ण हो। संस्था प्रधान प्रतिहार ने बताया की बच्चो के प्रति विद्यालय अनेको प्रकार की योजना के साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान रखने का निरंतर प्रयास कर रही है । जिससे बच्चो की काबिलियत निकल कर सामने आये। इस सफल आयोजन में उप संस्था प्रधान सुनिता निर्वाण, सैयद असगर अली, तारा देवी वर्मा, मोनिका चौधरी, प्रेम शंकर शर्मा व विजयराज रैगर ने योगदान दिया इस अवसर पर संवाददाता घनश्याम विजयवर्गीय सहित अभिभावक विमला, संगीता, सीमा, आशा, लीला, उषा, सुगना, व पूजा उपस्थित रहे।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर चौबीसा को मिला दिव्यांग रत्न सम्मान



**भीण्डर ।** स्थानीय महात्मा गांधी इंग्लिश मिडियम स्कूल मदनपुरा भीण्डर में प्रधानाचार्य जगदीश मेघवाल एवं मुख्य अतिथि अनिल स्वर्णकार के मुख्य आतिथ्य में विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग शिक्षक श्री अम्बा लाल चौबीसा सावन को आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन भीण्डर द्वारा दिव्यांग रत्न से नवाजा गया । श्री चौबीसा को उनके शैक्षणिक उन्नयन सामाजिक जन जागरण, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग प्रदान करने पर आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन भीण्डर ने दिव्यांग रत्न सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के निदेशक अनिल स्वर्णकार ने सभी शिक्षकों का भी सम्मान कर बहुमान किया तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं को पेन पेंसिल बिस्किट तथा पांच बालकों को स्वेटर वितरित कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर शिक्षक राजेश्वर चौबीसा, नरेश चौबीसा, जगदीश मेनारिया, रणबीर सिंह, सीमा सोनी उपस्थित थे । कार्य म का संचालन अम्बा लाल चौबीसा सावन ने किया।

# दिव्यांगो को रोजगार के लिए प्रेरित करना ही सच्ची मानव सेवा है- श्रीजी मदन दवे महाराज

**विकलांग हेल्प लाइन संस्थान की ओर से दिव्यांग जनो को की सिलाई मशीन व ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, बैसाखियॉ, वितरित**




**भीलवाड़ा।** दिव्यांग होने के बावजूद पूरे परिवार का पालन पोषण करने वाली महिलाओं को जब सिलाई मशीन व ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, बैसाखियॉ, गरम कम्बले मिली तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे, तथा लाभान्वितों ने इस कार्य के लिए संस्था सदस्यों को खुब दुआएं दी। संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष ने बताया कि मांडल पंचायत समिति सभागार में विकलांग हेल्प लाइन संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाथद्वारा श्रीनाथजी मंदिर के श्रीजी परिवार के मुख्या धर्माचार श्रीश्री 1008 श्रीजी मदन दवे महाराज ने कहा की दिव्यांगो को रोजगार के लिए प्रेरित करना ही सच्ची मानव सेवा है, उन्होने संस्था के कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मांडल विधायक उदयलाल भडाणा ने कर बताया कि सहायता कार्यक्रमो के माध्यम से दिव्यांगो को मुख्यधारा से जोडना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि एसडीएम सीएल शर्मा ने कहा दिव्यांगो की सहायता कर उन्हें रोजगार से जोडकर समाज में उचित स्थान दिलाने का संस्थान पुनित कार्य कर रही है। कार्यक्रम मे दिव्यांग, विधवा व जरूरतमंद महिलाओं को 21 सिलाई मशीने, दिव्यांग व विधवा महिलाओं को रोजगार के लिए निःशुल्क दी गई तथा 5 ट्राई साईकिले व 5 व्हील चेयर, 10 बैसाखियॉ व 31 गरीब महिलाओं को सर्दी से बचाव के लिए गरम कम्बल वितरित की गई। समारोह में संस्थान के संस्थापक व अध्यक्ष द्वारा श्रीजी महाराज ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस कार्यक्रम में डॉ. अपूर्वा शास्त्री, कौशल श्रीमाल, रघुवीर मितल, ममता मोदानी, सुनील सोमानी का सहयोग रहा। इस दौरान ओपी सेन, नागेन्द्र सिंह जामोली, कैलाश शर्मा, हिम्मतसिंह गहलोत, नारायण सिंह चारण, विनोद अग्रवाल मदन मोहन त्रिपाठी, फ्ढ चित्रकार रक्षित टाक वन क्षैत्रीय अधिकारी प्रशान्त भट्ट, समाज कल्याण अधिकारी दिनेश, तहसीलदार मांडल, बीडीओ मांडल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कवि रोनी राज ने किया।

### बार एसोसिएशन चुनाव अध्यक्ष पद के लिए चार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए

**आमेट ।** आमेट बार एसोसिएशन के 9 दिसम्बर को प्रस्तावित अध्यक्ष चुनाव वर्ष 2025 के चार नाम निर्देशन पत्र चुनाव अधिकारी मोहम्मद नूर शेख के समक्ष अपने अपने समर्थकों के साथ प्राप्त हुए । सहायक निर्वाचन अधिकारी करण सिंह भाटी ने बताया कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वर्ष 2025 के चुनाव के तहत बुधवार को बार एसोसिएशन कार्यालय में अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह चुंडावत, सत्यनारायण व्यास, समुद्र सिंह चुंडावत, प्रमोद लक्षकार ने अपने अपने समर्थकों के साथ नाम निर्देशन पत्र तैयार कर जमा करवाए , जो बाद जांच वैध पाए गए । बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के लिए नाम वापसी 6 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तक रहेगी । उसके बाद आवश्यकता होने पर 9 दिसंबर को निर्वाचन कार्यालय बार एसोसिएशन आमेट पर मतदान कराए जाएंगे । जिसमें बार एसोसिएशन आमेट के सभी अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग कर अध्यक्ष चुनेंगे ।

## दिव्यांग बच्चों को सहानूभुती नहीं अपितु सहयोग की आश्यकता है - गोपाल लाल तिवाड़ी



**भीलवाड़ा।** शहर के अशोक नगर स्थित हेलन केलर विशेष विद्यालय के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया गया। स्पेशल ओलम्पिक भारत मास्टर ट्रेनर भरत शर्मा के सानिध्य में दिव्यांग छात्र - छात्राओ की विशेष खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग छात्रों के लिए लम्बी कूद, सॉफ्ट बॉल थ्रो, बोच्ची गेम, 50 मीटर, 100 मीटर दौड़, स्टेंडिंग जंप, बॉटल को बॉल से गिराना, तेज चाल, मेंडक दौड़, केरम, बैडमिंटन, चेयर रैस आदि खेलकूद प्रतियोगिताये रखी गई। प्रधानाध्यापक गोपाल लाल तिवाड़ी ने बताया कि दिव्यांगजन दिवस मनाने का उदेश्य दिव्यांगता के मुद्दों के बारे मे लोगों में जागरूकता एवं समझ बढ़ाना तथा दिव्यांग जनो के अधिकारों की रक्षा करना और समाज की मुख्य धारा से जोडना है। दिव्यांग बच्चों को सहानूभुती नहीं अपितु सहयोग की आश्यकता है जिससे इनका मार्ग दर्शन किया जा सके। दिव्यांग जन दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा के सदस्यों द्वारा विद्यालय की विजिट भी की गई। कार्यक्रम में सरला तिवाड़ी, उषा शर्मा, मोनिका चौधरी, आशा शर्मा, विमलेश कंवर, रिंकू शर्मा भी उपस्थित रहे।

### वर ने दस्तुर में एक रूपया नारियल ले कर, रुपए आभूषण लोटाये



**आकोला।** आकोला क्षेत्र के गांव नांदोली निवासी हिम्मत सिंह झाला के पुत्र गजेंद्र सिंह की बारात ठिकाना सलूंबर (आजनी) चन्दन सिंह चुंडावत के यहां गई थी, जिसमें वधू डिंपल कुंवर के पिता चंदन सिंह चुंडावत की ओर से वर गजेंद्र सिंह झाला को एक लाख इक्यावन हजार एवं सोना चांदी के आभूषण दिये, वर के पिता हिम्मत सिंह झाला तथा वर गजेंद्र सिंह ने मना करते हुए दस्तुर में सिर्फ एक रुपया एवं नारियल हीं स्वीकार किया। सामाजजनो ने इस पहल की प्रशंना की। इस अवसर पर भंवर सिंह कल्याण सिंह तखत सिंह सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### विश्व शांति यात्रा का भव्य प्रवेश करेड़ा पर महिलाओ द्वारा कलश से गुरुदेव को वधाया



आकोला। मेवाड़ के शंखेश्वर श्री करेड़ा पार्श्वनाथ जैन तीर्थ पर विश्व शांति यात्रा का भव्य आगन पूज्य गुरूदेव आचार्य निपुणर| सूरीश्वर जी की निश्रा मे भीम नगरी से चलकर रथ यात्रा का करेड़ा तीर्थ पर समापन हुआ। पूज्य गुरुदेव का जैन समाज द्वारा कोठारी वाटिका से अगवानी करके जाशमा रोड, माली मोहल्ला, आजाद चौक, मुख्य बाजार, बस स्टेण्ड होते हुए करेड़ा तीर्थ पहुंचा, जहाँ जगह जगह तोरणाद्वार लगाए गए और विभिन्न घरो के अक्षत से भगवान का वधामना किया गया। गहुली बनाकर मंदिर के यहां महिलाओ द्वारा कलश से गुरूदेव को वधाया गया साथ ही पूज्य गुरुदेव की निश्रा मे तीसरा उपधान आयोजित होगा जिसमे 100 से ज्यादा श्रावक श्राविका साधु साध्वीजी जैसा जीवन यापन करेंगे। आज की इस चकाचौध भरी दुनिया को छोड़कर साधु जीवन मे तपस्या करेंगे आज सर्वप्रथम भूपालसागर प्रवेश के दौरान स्थानीय गौ गोपाल सेवा संस्थान गौशाला कमेटी सदस्यों द्वारा गुरूदेव की अगवानी की और गौशाला मे पगलिया करवाए और गौशाला का भृमण किया। उसके बाद कोठारी वाटिका से बेंड बाजे चांदी के रथ मे भगवान बिराजमान के साथ भव्य शामियना शुरू हुआ जिसमे करेड़ा पार्श्वनाथ जैन तीर्थ के कोषाध्यक्ष हेमंत कोठारी, सदस्य अनिल मेहता श्रेणिक मनवात कुलदीप नाहर, कमलेश जारोली भीलवाड़ा से अभिषेक नाहर सुनील बालर अनिल बालर निम्बाहेड़ा के अभय जारोली स्थानीय जैन समाज के सभी महिला पुरुष और ग्राम वासी उपस्थित रहे और सभी ने प्रवेश में भाग लिया। प्रवेश के बाद प्रवचन हुआ जिसमे प्रवचन के दौरान गुरुदेव ने तीर्थ भूमियो की महिमा बताई तीर्थ भूमिया जगत के सभी जीवो को पवित्र करके परम् सुखी बनाने वाली है इसलिए हर मनुष्य को अपने तीर्थ भूमियो को सभी तरिके से समृद्ध और सक्षम बनाना चाहिए गुरूदेव की निश्रा मे उपधान शुरू हुआ जो डेढ़ महीने तक चलेगा। जिसमे सभी तपस्वी मोक्ष माला ग्रहण करेंगे।

## जिला कलक्टर मेहता ने किया एलाईट डायग्नोस्टिक सोनोग्राफी सेंटर का निरीक्षण



**भीलवाड़ा।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने बुधवार को एलाईट डायग्नोस्टिक सोनोग्राफी सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी भी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने सेंटर पर मशीनों का ट्रैक रिकॉर्ड, जांच के लिए आने वाले मरीजों से ली जाने वाली फीस व रिकॉर्ड संधारण आदि की जांच की गई। जिला कलक्टर ने बताया कि भ्रूण लिंग जांच पर पूर्ण प्रतिबंध है। समय-समय पर इन केंद्रों का निरीक्षण किया जाता है ताकि केन्द्रों पर कोई अनियमितता नहीं पाई जाए। पीसीपीएनडीटी अधिनियम, 1994 के अन्तर्गत जिले में पंजीकृत सोनोग्राफी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिला कलक्टर ने सेंटर पर सोनोग्राफी के ऑनलाइन तथा ऑफलाइन रिकॉर्ड के मिलान के निर्देश दिए। उन्होंने सेंटर पर लगाई गई प्रचार-सामग्री का भी अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने सोनोग्राफी सेंटर पर पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। साथ ही केन्द्रों पर उचित रिकॉर्ड का संधारण रखने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता का पता लगाया जा सके। इस दौरान सेंटर में स्वच्छता और सुविधाओं की जांच की गई और मरीजों की सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। सीएमएचओ डॉ. सीपी गोस्वामी ने बताया कि जिले में राज्य सरकार की ''मां वाउचर योजना'' के माध्यम से जिले में नजदीकी अधिकृत निजी सोनोग्राफी सेंटर द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से निःशुल्क सोनोग्राफी जांच की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। योजना के अन्तर्गत 11 सौ से अधिक गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी का लाभ मिला है। जिले के 37 पंजीकृत निजी जांच सेंटरों पर राज्य सरकार की इस योजना का लाभ गर्भवती महिलाओं को दिया जा रहा है।

# आकोला की शर्मिला माली का अटल सेवा श्री अवार्ड से होगा सम्मान



**आकोला।** आकोला की बेटी शर्मिला माली पिता दामोदर लाल (प्रभावती माली) की पुत्री शर्मिला माली का अटल महोत्सव में 16 दिस. को अटल सेवा श्री से होगा सम्मान।

प्राप्त जानकारी के अनुसार- जयपुर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वः श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती महोत्सव का शुभारम्म कार्यक्रम रत्न बाग जयपुर में राष्ट्रीय समता स्वतत्र मंच के द्वारा भारत नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन एवं विचार प्रजेंटेशन का भव्य कार्यक्रम रखा गया है। जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम में भारत की प्रतिष्ठा भारत की शक्ति भारत के पंचशील सिद्धान्तो पर चर्चा होगी, मध्यप्रदेश सरकार के कबिनेट मंत्री रवि करण साहू चैयरमेन, मध्यप्रदेश तेल घाणी बोर्ड मुख्य अतिथी होगें, मुख्य वक्ता महावीर प्रसाद टोरडी विशिष्ट सलाहकार महामहिम प्रथम उपराष्टपति नेपाल होगें। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सामाजिक कार्यक्रर्ता शर्मिला माली सीनियर नर्सिंग ऑफिसर उदयपुर राजस्थान को 'अटल सेवा श्री अवार्ड' से विभुषित किया जायेगा। मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डू नेपाल ने बताया कि अटल महोत्सव का समापन काठमाण्डो नेपाल में 25 दिसम्बर को समापन होगा। समारोह में 22 राष्ट्र सम्मलित होकर भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्न उत्थान है। भारत पुनः वैदिक कालीन जगत गुरू के आसन पर पद् स्थापित हो भारत को सुरक्षा परिषद में विटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता मिले, अयोध्या को संयुक्त राष्ट संघ का मुख्यालय बनाया जावे पर चर्चा होगी। 16 दिस. को अटल जयन्ती महोत्सव मैं शर्मिला माली का कर्म स्थती से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर अटल सेवा श्री सम्मान के लिए चयन किया गया है। इण्डो-नेपाल समरसता मिशन यात्रा में सम्मेलित सांस्कृतिक शिष्टमण्डल सदस्यों का स्वागत भी किया जायेगा।

### चिकित्सा अधिकारियों को जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए दिया प्रशिक्षण

**भीलवाड़ा।** चिकित्सा संस्थानों में घटित होने वाली जन्म-मृत्यु एवं मृत जन्म की सभी घटनाओं का नियमित एवं शत प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा अधिकारियों को आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की उपनिदेशक डॉ. सोनल राज कोठारी ने मेडिकल एसोसिएशन के मीटिंग हॉल में प्रशिक्षण दिया । जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं उप निदेशक डॉ. सोनल राज कोठारी ने जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि आधार बनवाने हेतु व्यक्ति का जन्म प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। अतः प्रत्येक जन्म का पंजीयन अनिवार्य रूप से किया जाये एवं डिस्चार्ज के साथ ही प्रमाण पत्र दिया जाये। मृत्यु पंजीयन के लिए मृत्यु के कारण का चिकित्सकीय प्रमाण पत्र भरा जाना भी अनिवार्य है ताकि सरकार को स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं बनाने में सही डाटा उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि मृत जन्म के पंजीयन हेतु 21 दिवस की बाध्यता में शिथिलता होने के कारण मृत जन्म का पंजीयन शत प्रतिशत हो।

## न्यायाधिपति गर्ग ने किया मेवाड़ वागड़ क्षेत्र का दौरा

**चित्तौड़गढ़ ।** राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने बाल संरक्षण के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यो की समीक्षा के लिए प्रतापगढ़, बांसवाड़ा एवं राजसमंद का किया दौरा । राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के वरिष्ठ सलाहकार राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के आलोक में न्यायाधिपति ने बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित एवं अनुदानित बाल गृहो की स्थिति के साथ ही सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित अनुदानित मानसिक विमंदित गृह, विशेष विद्यालयों एवं बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस 'म में प्रतापगढ़ जिले में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, शिशु गृह एवं तपस् संस्थान द्वारा संचालित विशेष विद्यालय एवं पुर्नवास गृह का निरीक्षण किया। बांसवाड़ा जिले में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, शिशु गृह राधा स्वामी महिला मंडल संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित गृह एवं आश्रय सेवा संस्थान द्वारा संचालित मां उमा बालिका गृह का भी अवलोकन किया। राजसमंद जिले के नाथद्वारा में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री नरेंद्रपाल सिंह चौधरी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया एवं वहां आयोजित सांस्कृतिक कार्य म में बालिकाओं के साथ संवाद किया। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर सभागार में स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे विभागों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित करने का अनुमोदन किया। बैठक में यूनिसेफ द्वारा बाल विवाह निषेध जागरूकता कार्य म के पोस्टर का विमोचन किया। न्यायाधिपति गर्ग के दौरे से पूर्व राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के बाल सचिवालय के वरिष्ठ सलाहकार राकेश कुमार चौधरी एवं कृष्णा वैष्णव यूनिसेफ राजस्थान के बाल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार निराला यूनिसेफ उदयपुर संभाग के बाल संरक्षण सलाहकार सिन्धु बिनुजीत ने कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप देने के साथ ही दौरे पर साथ रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उदयपुर के प्रगतिशील कृषक शर्मा मिलियनेयर फार्मस पुरस्कार से सम्मानित



**उदयपुर (पुकार)।** कृषि जागरण मंच एवं एग्रीकल्चर वर्ड द्वारा आईसीएआर पूसा, नई दिल्ली में आयोजित मिलियनेयर फार्मस ऑफ इंडिया अवार्ड कार्यक्रम में उदयुपर के प्रगतिशील किसान नानालाल शर्मा को सम्मानित किया गया। शर्मा को यह पुरस्कार पिछड़ावर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री हंसराज गंगाराम अहीर द्वारा सब्जियों की खेती में नवाचार कर अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रदान किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी. सी. भटनागर ने बताया कि महिन्द्रा ट्रेक्टर्स द्वारा प्रायोजित इस अवार्ड कार्यक्रम में विद्या भवन कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव द्वारा जिले के कोल्यारी निवासी प्रगतिशील किसान नानालाल शर्मा का नाम चयन कर भेजा गया। देश के 22,000 किसानों में से उदयपुर जिले से शर्मा को यह पुरस्कार मिलना गौरव का विषय है।

### होमगार्ड के 62वें स्थापना दिवस पर मैराथन दौड का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र उदयपुर द्वारा होमगार्ड के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में कमांडेण्ट प्रणय जसोरिया के निर्देशन में बुधवार को मैराथन दौड़ रखी गई। प्रशिक्षण प्रभारी मंगलाराम के नेतृत्व में स्वयंसेवकों की मैराथन दोड़ पुलिस लाइन से शुरू होकर उदियापोल चारोहा, सूरजपोल, बापूबाजार से टाउन हॉल होते हुए पुनः पुलिस लाइन आकर सम्पन्न हुई। मैराथन दौड के बाद पुलिस लाइन खेल मैदान पर वॉलीबॉल मैच का आयोजन हुआ। इस आयोजन मे ऑनरेरी कम्पनी कमाण्डर नरेन्द्र सिंह, प्लाटून कमाण्डर मनीष कुमार आमेटा, लक्ष्मीलाल, सारजेन्ट फुल शंकर, कैलाश तथा अन्य होमगार्ड स्वयं सेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

### डॉ. प्रियंका को 'अटल सेवा श्री अवार्ड' मिलेगा



**उदयपुर (पुकार)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय समता स्वतत्र मंच द्वारा भारत नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन एवं विचार प्रजेंटेशन कार्यक्रम में उदयपुर की डॉ. प्रियंका सिसोदिया को 'अटल सेवा श्री अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। जयपुर में होने वाले समारोह में डॉ. प्रियंका सिसोदिया को कर्म स्थली से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर यह सम्मान दिया जाएगा। उदयपुर निवासी डॉ. प्रियंका पद्मपत सिंघानिया विश्वविद्यालय, भटेवर में एसोसिएट प्रोफेसर है।

### अभिमन्यु दिवान का फुटबॉल टीम में चयन



**उदयपुर (पुकार)।** केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड, नई दिल्ली के द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 16 दिसम्बर तक गोवा में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राजस्थान सचिवालय की टीम भाग लेगी। उक्त टीम में उदयपुर के शारीरिक शिक्षक अभिमन्यु दिवान का चयन हुआ है। अभिमन्यु दिवान वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धरियावद, प्रतापगढ़ में कार्यरत है। दिवान के उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन पर विद्यालय परिवार ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय अन्तर –महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय अन्तर-महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ आज हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड, रजिस्ट्रार, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय द्वारा किया गया । इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के सभी इवेंट को करवाया जाएगा। इससे चयनित सर्वश्रेष्ठ खिलाडी भुवनेश्वर, उडीसा मे आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे भाग लेंगे।

### माला मनोरथ कार्यक्रम



**उदयपुर (पुकार)।** हिंद सेवा मानव कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री सीताराम श्री हनुमत कृपा नाम जप लेखन पुस्तिका लोकार्पण पश्चात् आध्यात्मिक सनातन धर्म धारा को बढ़ाने के प्रयास में प्रत्येक मंगलवार क्रमशः एक के बाद एक श्री हनुमान जी मंदिर में 108 राम नाम हस्तलिखित एवं 108 लॉन्ग की माला हनुमान जी को अर्पित करने का लक्ष्य रखा गया। बुधवार को श्री स्वामी चतुर्भुज हनुमान धाम के मंदिर हरिदास जी की मंगरी पर महंत श्री इंद्रदेव दास जी के आशीर्वचन में गिरिजा शंकर शर्मा संस्थापक राजस्थान बाल कल्याण समिति की अध्यक्षता में तथा मुख्य संरक्षक डॉ. ओ.पी महात्मा के मुख्य आतिथ्य में अध्यक्ष दिव्य कुमार के सानिध्य में श्री हनुमान जी महाराज को माला अर्पित की गई। बाद में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का स्वर संगीत मय पारायण किया गया। सभी अतिथियों ने एक स्वर में ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसकी आवश्यकता पर बल दिया। यह जानकारी ट्रस्ट के संरक्षक प्रेम शंकर श्रीमाली ने दी। धन्यवाद की रस्म राजा भंडारी ने अदा की।

# राइजिंग राजस्थान : सलूम्बर जिले में चमकेगा निवेश का सूरज

## 32 एमओयू द्वारा 503 करोड़ रू. के निवेश प्रस्तावों से 1384 लोगों को मिलेगा रोजगार

**उदयपुर (पुकार)।** सलूंबर में जिला स्तर पर एक दिवसीय राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन बुधवार को लवकुश शिक्षण संस्थान सलूंबर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलूंबर विधायक श्रीमती शांतादेवी अमृतलाल मीणा रही। अध्यक्षता संभागीय आयुक्त एवं जिला प्रभारी सचिव सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने की। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने किया।




विधायक श्रीमती शांता देवी अमृतलाल मीणा ने इस समिट में 11 एमओयू जिला स्तर पर होने पर शुभकामनाएं दी एवं माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विकसित राजस्थान एवं विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति के लिए राइजिंग राजस्थान के सलूम्बर समिट को मिल का पत्थर बताया। संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने राज्य सरकार की उद्योग संवर्द्धन एवं व्यापार संवर्द्धन की नीतियों की जानकारी देते हुए भावी निवेशकों को सलूंबर में निवेश करने पर बधाई दी।

जिला कलक्टर संधू ने राज्य सरकार की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, एमएसएमईडी एक्ट 2019 एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं सलूम्बर जिले में सलूंबर एवं सेमारी में प्रस्तावित नवीन औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी दी एवं उद्यमियों को जिले में निवेश करने हेतु प्रशासन एवं अन्य विभागों के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में हिन्दुस्तान जिंक लि. के राम मुरारी ने सलूम्बर जिले में हिन्दुस्तान जिंक के भावी निवेश के बारे में अवगत कराया। प्रदीप लुणावत, मार्बल उद्यमी द्वारा ऑनेक्स मार्बल पर अपने विचार रखें। डॉ. नरेन्द्र कुमार खटीक ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सलूम्बर जिले का पोस्टर का विमोचन किया गया। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र उदयपुर के महाप्रबंधक एवं विशेषाधिकारी सलूम्बर शैलेन्द्र शर्मा ने राइजिंग राजस्थान समिट के बारे में जानकारी दी एवं युवा उद्यमियों एवं निवेशकों को सलूम्बर जिले में निवेश हेतु प्रोत्साहित किया।

इस समिट में 11 निवेशकों द्वारा 195 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव लिए गए एवं 10 उद्यमियों द्वारा समिट के दौरान ही विभिनन क्षेत्रों में अपने निवेश की इच्छा जाहिर की। राइजिंग राजस्थान से सलूम्बर में अब तक 32 एमओयू किए जा चुके है, जिनमें करीब 1400 लोगों को रोजगार मिलेगा एवं 503 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। सबसे ज्यादा एमओयू शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त खनन, चिकित्सा, पर्यटन आदि के प्रस्ताव प्राप्त हुए। कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों एवं निवेशकों के साथ एमओयू एक्सचेंज किए गए एवं सलूम्बर में उद्योग, खनन, कृषि एवं पर्यटन की संभावनाओं पर एक लघु फिल्म दिखाई गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक शैलेन्द्र शर्मा, अजय कुमार पंड्या, यूनिट हेड, रीको उदयपुर, संजय नैनावटी, वरि. उप महाप्रबंधक, रीको, आरएएस प्रशिक्षु अधिकारी निलेश कलाल व परमजीत सिंह, सुशील मीणा, वरि. प्रबंधक, रीको, भगवान दास, जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी, चोखाराम, प्रिंस परमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार की वर्षगांठ के आयोजनों को पूरे मनोयोग से सफल बनाएं : जिला कलक्टर

**12 दिसम्बर को होगा रोजगार उत्सव, रन फॉर विकसित राजस्थान**

**14 को उदयपुर में होगा राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन**




**उदयपुर (पुकार)।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई।

बैठक में जिला कलक्टर पोसवाल ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों को पहली प्राथमिकता दी जाए। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरतापूर्वक निभाते हुए पूरे मनोयोग के साथ आयोजन को सफल बनाएं। जिला कलक्टर ने बताया कि 9 दिसम्बर को राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट के क्रम में जिला स्तर पर भी कार्यक्रम होगा। इसके अलावा 12 दिसम्बर को सुबह फतहसागर की पाल पर रन फॉर विकसित राजस्थान मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात नगर निगम टाउन हॉल में जिला स्तरीय रोजगार उत्सव प्रभारी मंत्री श्री हेमन्त मीणा सहित सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा। इसमें प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर भी राजकीय सेवाओं में नवचयनित कार्मिकों का अभिनंदन किया जाएगा। साथ ही जिला विकास पुस्तिका का विमोचन तथा जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ भी होगा। पोसवाल ने संबंधित नोडल विभागों से तैयारियां की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए आयोजन को बेहतर से बेहतर बनाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बताया कि 13 दिसंबर को जिला स्तर पर किसान सम्मेलन, 15 को जिला स्तरीय अन्त्योदय सेवा शिविर कार्यक्रम होगा। 17 दिसम्बर को जयपुर में होने वाले राज्य स्तरीय मुख्य समारोह के क्रम में जिला एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम होंगे।

**उदयपुर में होगा राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन :** जिला कलक्टर पोसवाल ने बताया कि 14 दिसंबर को गांधी ग्राउंड उदयपुर में मुख्यमंत्री महोदय की उपस्थिति में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन प्रस्तावित है। इसमें बालिकाओं को स्कूटी वितरण, कॉलेज स्तर के 32 हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण, महिलाओं को आपातकाल में पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए महिला हेल्पलाइन एप का शुभारंभ, 10 हजार इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम वितरण का शुभारंभ तथा आरएसआरटीसी के सुरक्षा कमाण्ड सेंटर एवं पैनिक बटन परियोजना का शुभारंभ प्रस्तावित है। उन्होंने कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को आयोजन स्थल पर विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी साझा करने के लिए प्रदर्शनी लगाने के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम की विस्तृत कार्य योजना युडीए के माध्यम से तैयार किए जाने के निर्देश भी दिए। बैठक में एडीएम सिटी वारसिंह, युडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, जिला परिषद सीईओ हेमेंद्र नागर, एसीईओ अंजुम ताहिर सम्मा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण शांति पूर्वक संपन्न

**उदयपुर (पुकार)।** परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण संबंधी मूल्यांकन बुधवार को शांति पूर्वक संपन्न हुआ। डाइट प्रिंसिपल डीईओ चन्द्रशेखर जोशी के अनुसार सीडीईओ महेंद्र कुमार जैन के निर्देशन में आयोजित इस परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण में उदयपुर जिले के समस्त 16 ब्लॉक के चयनित कुल 97 राजकीय एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 3 में 715 ,कक्षा 6 में 778 तथा कक्ष 9 में 959 विद्यार्थियों सहित कुल 2452 ने सर्वेक्षण मूल्यांकन में भाग लिया।इसके परिणाम के आधार पर उदयपुर जिले के शैक्षिक स्तर की जांच हो सकेगी।

इस संबंध में पिछले एक माह से अधिक समय से शिक्षा विभाग के अधिकारी गण तैयारियों में जुटे हुए थे। जोशी ने बताया कि उदयपुर जिले के 97 विद्यालयों में इस सर्वेक्षण के लिए 97 फील्ड इन्वेस्टीगेटर तथा 89 आब्जर्वर की उपस्थिति रही। मूल्यांकन की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त सभी प्रभारी अधिकारियों ने संबंधित ब्लॉक में चयनित विद्यालयों में जाकर मूल्यांकन का जायजा लिया।

प्रभारी शिक्षा अधिकारियों में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक लोकेश भारती ने कोटड़ा, डीईओ एलिमेंट्री ननिहाल सिंह चौहान ने गिर्वा, एडीपीसी वीरेंद्र सिंह यादव ने नयागांव ,डाइट प्रिंसीपल डीईओ चन्द्रशेखर जोशी ने वल्लभनगर,सहायक निदेशक डॉ दिनेश बंसल ने खेरवाड़ा, एडीईओ मुरलीधर चौबीसा ने सेमारी तथा ललित दक ने भींडर ब्लॉक सहित जिला मुख्यालय स्थित एडीपीसी,डाइट व डीईओ कार्यालय के शैक्षिक अधिकारियों को विभिन्न ब्लॉक में उपस्थित रह कर सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया।

## निर्मल पंडित प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत



**उदयपुर (पुकार)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ भारत कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को स्थानीय कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमें अखिल भारतीय ब्राहाण महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय शर्मा की अनुशंसा पर निर्मल कुमार पण्डित को राजस्थान इकाई का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया। शर्मा ने बताया कि निर्मल कुमार पण्डित को उनके संगठन के प्रत्ति पूर्ण निष्ठा, लगन, कर्मठता व सामाजिक कार्यों में रूचि को देखते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ भारत की राजस्थान इकाई का प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया है। उन्होने कहां कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ भारत के कार्यक्रमों एवं उदश्यों की तत्वाधान के लिए मेहनत, ईमानदारी एवं लगन के साथ अखिल भारतीय ब्राहाण महासंघ भारत को मजबूती प्रदान करने एवं अखिल भारतीय ब्राहाण महासंघ भारत के लिए समाज को जागरूक करने में भरपूर सहयोग प्रदान करेगें। साथ ही महासंघ को मजबूत और अधिक कार्यकुशल बनाने की दिशा में अमूल्य सुझाव, सहयोग और स्नेह तरह मिलता रहेगा।

## राज्यसभा सांसद गरासिया ने संसद में उठाया हाईवे 927ए के अधुरे पड़े मार्ग का मुद्दा

**उदयपुर (पुकार)।** राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने बुधवार को राज्यसभा में नेशनल हाईवे संख्या 927ए के अधूरे पड़े मार्ग का मुदा उठाया। सांसद ने राज्यसभा में राजस्थान के उदयपुर संभाग में स्थित बावलवाड़ा क्षेत्र की एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 927ए के निर्माण की घोषणा उदयपुर में की थी जो स्वरूपगंज, राजस्थान से रतलाम मध्यप्रदेश तक बनाना था। अच्छी मंशा से काम भी हुआ और बासवाड़ा से खेरवाड़ा तक मार्ग बन भी चुका परन्तु खेरवाड़ा से लेकर स्वरूपगंज के बीच बावलवाड़ा गरणवास तक लगभग 45 किलोमीटर लम्बा काम अभी पूरा नही होकर अधूरा पड़ा हैं, जिसकी वजह से प्रतिदिन इस राजमार्ग पर सड़क हादसे होते रहते हैं, अब तक दुर्घटनाओं में लगभग 7 अकाल मृत्यु इस मार्ग पर हो चुकी हैं। कई सरकारी कर्मचारी, विद्यार्थी, कामकाजी मजदूर, व्यापारी, पर्यटक प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरते है जो हमेशा किसी अनहोनी की आंशका में गुजरते है। इस सबंध में गरासिया ने भारत सरकार और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 927ए पर खेरवाड़ा से लेकर स्वरूपगंज के बीच बावलवाड़ा क्षेत्र में गरणवास तक अधूरे पड़े लगभग 45 किमी मार्ग अतिशीघ्र बनवाने की मांग की है।

# चोर मस्त, पुलिस पस्त : उदयपुर में हर दिन हो रही चोरियां, डेढ़ वर्ष में 565 नकबजनी

**लकी जैन**

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर जिले में चोर सक्रिय है, घर इंडीविजुअल हो या फ्लैट हो, चोर कहीं भी चोरी करने से गुरेज नहीं कर रहे। स्थिति यह है कि चंद घंटों के लिए भी अगर घर पर ताला लगाकर गए तो हमेशा चोरी होने का डर लगा रहता है। बीते दिनों स्कूटी पर आए दो बदमाशों ने तो सुखेर थाना क्षेत्र के चार घरों को एक के बाद एक निशाना बनाया और इसके बाद नाथद्वारा में भी एक घर में चोरी की। आंकड़ों की बात करें तो उदयपुर जिले में हर दिन चोर कहीं न कहीं किसी न किसी घर, मकान या दुकान को निशाना बना रहे हैं।

पुलिस विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2023 से जून 2024 के बीच उदयपुर में 565 नकबजनी हुईं, मतलब 565 घर, मकान या दुकानों चोरी हुई है, लेकिन इन वारदातों के खुलासे का प्रतिशत मात्र 20 प्रतिशत ही है। आंकड़ों से ही स्पष्ट है कि करीब 62 से 65 प्रतिशत मामलों में चोर न तो पकड़े जाते हैं और न ही माल की बरामदगी होती है, और पुलिस इन मामलों में एफआर लगा देती है। मात्र 20-21 प्रतिशत मामलों में ही पुलिस चोरी का खुलासा कर चोरों के खिलाफ चालान पेश कर पाती है। यही कारण है कि चोरों को कोई डर ही नहीं है। डेढ़ वर्ष में घर, मकान, दुकानों में हुई सेंधमारी के 565 मामलों में से पुलिस 351 मामलों में तो पुलिस एफआर लगा चुकी है, मतलब पुलिस इन मामलों में न तो चोर को पकड़ पायी और न ही माल बरामद हो सका, जबकि 98 केस का अनुसंधान पेंडिंग चल रहा है। बीते पांच वर्षों में औसतन 21 प्रतिशत मामलों के ही हुए खुलासे हुए है।

**सेंधमारी (नकबजनी) के दर्ज मामले**

| वर्ष | दर्ज केस | एफआर | चालान | पेंडिंग |
|---|---|---|---|---|
| 2020 | 230 | 165 | 50 | 15 |
| 2021 | 304 | 174 | 87 | 43 |
| 2022 | 365 | 249 | 78 | 38 |
| 2023 | 383 | 267 | 86 | 30 |
| 2024 (जून तक) | 182 | 84 | 30 | 68 |

# एसपीएसयू ने 'क्यूएस आई-गेज' के साथ शुरू की वैश्विक उत्कृष्टता की यात्रा

**ऐसी पहल करने वाला उदयपुर का पहला विश्वविद्यालय**

**शैक्षणिक और संस्थागत उत्कृष्टता की दिशा में निर्णायक क्षण**

**उदयपुर (पुकार)।** अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध सर पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय (एसपीएसयू) की ओर से अकादमिक और संस्थागत प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त एजेंसी 'क्यूएस आई-गेज' के साथ अपने साझा सहयोग की घोषणा की। यह घोषणा लेकसिटी मॉल के ग्राउंड फ्लोर स्थित एसपीएसयू के सिटी ऑफिस में एसपीएसयू अध्यक्ष और कुलपति प्रो. पृथ्वी यादव, क्यूएस आई-गेज के मेनेजिंग डायरेक्टर श्री रविन नायर, क्यूएस आई-गेज के एसोसिएट डायरेक्टर सिरिल बेंज और क्लाइंट रिलेशंस की एसोसिएट डायरेक्टर सुश्री सेजल एस जोधावत की मौजूदगी में हुई। एसपीएसयू उदयपुर का पहला विश्वविद्यालय है जिसने यह पहल की है।

शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में अंतरराष्ट्रीय मानकों को प्राप्त करने की एसपीएसयू की प्रतिबद्धता के तहत यह साझेदारी की गई है। क्यूएस आई-गेज की साक्ष्य-आधारित कार्यप्रणाली शिक्षण, शोध, नवाचार और छात्र सहायता जैसे क्षेत्रों में 100 से अधिक संकेतकों से विश्लेषण करने की क्षमता का उपयोग एसपीएसयू अपनी ताकत की पहचान करने और सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों को उजागर करने में करेगा।

एसपीएसयू अध्यक्ष और कुलपति प्रो. पृथ्वी यादव ने इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि क्यूए रेटिंग में शामिल होना भविष्य के लीडर्स को सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना है। एसपीएसयू को शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण का यह स्वाभाविक विस्तार भी है।

यह यात्रा अकादमिक और शोध उत्कृष्टता के लिए हमारे अटूट समर्पण को दर्शाती है। यह पहल एसपीएसयू के अपने शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण को भी दर्शाती है।



**क्यूएस आई-गेज रेटिंग संस्थानों की तुलना करने के लिए नहीं**

क्यूएस आई-गेज के मेनेजिंग डायरेक्टर रविन नायर ने कहा कि क्यूएस आई-गेज एक अग्रणी रेटिंग एजेंसी है जो पूरे भारत में शैक्षणिक संस्थानों के मूल्यांकन और बेंच मार्किंग के लिए समर्पित है। क्यूएस आई-गेज भारत के कई बेहतरीन उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) के साथ मिलकर काम करता है, जिसमें विश्वविद्यालय, कॉलेज और राष्ट्रीय महत्व के विशेष संस्थान शामिल हैं।

वैश्विक मानकों अनुरूप क्यूएस आई-गेज इन संस्थानों को उनकी गुणवत्ता, दृश्यता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में सक्षम बनाता है।

रविन नायर ने कहा कि 'एसपीएसयू के साथ हमारा जुड़ाव शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है जबकि क्यूएस आई-गेज रेटिंग प्रक्रिया संस्थानों को ताकत वाले क्षेत्रों और सुधार के अवसरों की पहचान करने में सशक्त बनाती है, यह छात्रों के लिए एक शक्ति शाली उपकरण के रूप में भी काम करती है।

प्रत्येक संस्थान के अद्वितीय गुणों में डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि प्रदान करके, हमारी रेटिंग छात्रों को उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज़ों के आधार पर सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाती है - चाहे वह कार्यक्रम की गुणवत्ता, संकाय विशेषज्ञता, या परिसर सुविधाएं हों। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हमारी रेटिंग सीधे संस्थानों की तुलना करने के लिए नहीं बनाई गई है, बल्कि उनकी विशिष्ट शक्तियों और विकास के क्षेत्रों को उजागर करने के लिए डिज़ाइन की गई है, यह सुनिश्चित करते हुए कि संस्थान और छात्र दोनों निरंतर सुधार और भविष्य की सफलता पर ध्यान केंद्रित करके निर्णय ले सकते हैं। मैं एसपीएसयू को इस गुणवत्ता मूल्यांकन को अपनाने के लिए बधाई देना चाहता हूं जो उनके छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'

मूल्यांकन से जो अंतर्दृष्टि प्राप्त होगी उससे हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक संस्थागत सुधार व समग्र प्रगति को गति मिल सकेगी। छात्रों के लिए, क्यूएस आई-गेज रेटिंग एक मूल्यवान संसाधन के रूप में काम करेगी। यह उन्हें गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को उजागर करते हुए अपनी शैक्षणिक यात्रा के बारे में उचित निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।

क्यूएस आई-गेज की एसोसिएट डायरेक्टर-क्लाइंट रिलेशंस सुश्री सेजल एस जोधावत ने कहा कि क्यूएस आई-गेज बेंचमार्किंग से उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों और स्कूलों को यह सर्वोत्कृष्टता की ओर ले जाता है। एसपीएसयू उदयपुर के साथ इसका मूल्यवान सहयोग वैश्विक मानकों को स्थानीय प्राथमिकताओं के साथ जोडकर, पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा देने और रैंकिंग व शैक्षिक उत्कृष्टता में निरंतर वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए समान परिवर्तनकारी परिणाम प्रदान करने की तैयारी है।

एसपीएसयू द्वारा गुणवत्ता मूल्यांकन का निर्णय राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाने और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह पहल भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य में अग्रणी बनने के विश्वविद्यालय के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ सहज रूप से संरेखित है।

सर पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय का क्यूएस आई-गेज के साथ जुड़ाव इसकी शैक्षणिक और संस्थागत उत्कृष्टता की दिशा में निर्णायक क्षण है।

इस पहल के माध्यम से, एसपीएसयू विश्व स्तरीय शैक्षिक अनुभव प्रदान करने और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के लिए मानक स्थापित करने के लिए समर्पण की पुष्टि करता है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.